2136296

# AX-2026/I-XI
| Set Code-D |

## HINDI

| | |
|---|---|
| Name of the Candidate: | VIVEK SINGH |
| Roll Number: | 24033078 |
| Enrolment Number: | D/80/2025 |

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

*(Kindly read these instructions carefully before attempting this question paper)*

- This Booklet contains **100** questions and each question carries **1** mark.
- Make sure that same Question Booklet Set Code is mentioned on all the sheets of question paper, in case of any change immediately inform the invigilator.
- There is **no negative** marking.
- Duration of this examination is **3 hours** only.
- Fill in your Roll number and Question Booklet Set code very carefully, as the answer sheet will be evaluated as per the code you mention on the answer sheet.
- Under no circumstances will the answer sheet be evaluated with any other Question Booklet Set Code.
- Bare Acts without notes are allowed. In case of unavailability of Bare Acts without notes, Bare Acts with least short notes will be allowed subject to discretion of the Examiner/Invigilator.
- Mobile phones, laptops, tabs, smart watches and/or any other electronic devices, through which Internet can be accessed, are strictly prohibited in the examination hall. Non-smart watches are allowed.
- On possession of any electronic device inside the examination hall, the candidate will be disqualified from the examination.
- Candidate shall not be allowed to leave the Examination Hall before the conclusion of the examination.
- Do not forget to submit the answer sheet back to the invigilator. Failing to do so would lead to disqualification.
- Use only **blue/black ball pen** to fill the OMR answer sheet.
- OMR filled with **pencil or ink pen** would be **disqualified**.
- Use of **whitener/eraser/blade or fluid** is strictly prohibited. It will lead to **disqualification**.
- Do not make any **stray marks or tear the OMR answer sheet.** This will lead to **disqualification**.
- Write your roll number carefully and darken the correct corresponding ovals. In case wrong ovals are darkened, your answer sheet **will not be evaluated.**
- Candidate must follow the instructions strictly as mentioned on the answer sheet.
- If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of English and Language Version of the question, the English Version will be treated as standard.
- The OMR Answer Sheet Number and the Question Booklet Number are different and not related to each other.

**Note:** Candidate should fill the Question Booklet Set Code and Roll Number and all other necessary information correctly on the answer sheet. Any errors or omissions in these entries will lead to the direct rejection of the answer sheet.

**हिन्दी भाषा में निर्देशों के लिए कृपया प्रश्न पुस्तिका का पिछला कवर देखें ।**

Invigilator's Signature

1. The term "Public Interest Litigation (PIL)" was first used by :

(A) Prof. Abram Chayes

(B) Justice P.N. Bhagwati

(C) Prof. Upendra Baxi

(D) Justice V.R. Krishna Iyer

"जनहित याचिका (पीआईएल)" शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसने किया था ?

(A) प्रो. अब्राम चेयस

(B) न्यायमूर्ति पी.एन. भगवती

(C) प्रो. उपेन्द्र बख्शी

(D) न्यायमूर्ति वी.आर. कृष्ण अय्यर

2. In the following question, a Statement is followed by two Conclusions, I and II.

**Statement :** Section 5 of the Minimum Wages Act, 1948 gives a detailed procedure for fixing or revising minimum wages in respect of any scheduled employment. After considering the advice of the committees appointed, and all representations received by it before the date notified in the Gazette notification, the appropriate Government may by notification in the official gazette, fix or revise the minimum rates of wages.

**Conclusion I :** If a date is specified in the notification, the minimum rates shall come into force from such date.

**Conclusion II :** If no date is specified, then they shall come into force from the expiry of three months from the date of issue of the notification.

In the context of the above Statement and Conclusions, which one of the following is correct ?

(A) Both Conclusions I and II follow

(B) Only Conclusion I follows

(C) Only Conclusion II follows

(D) Neither Conclusion I nor II follows

निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन दिया गया है, जिसके पश्चात दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं।

**कथन :** न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 की धारा 5, किसी अनुसूचित नियोजन के संबंध में न्यूनतम मजदूरी निर्धारित करने अथवा उसका पुनरीक्षण करने की विस्तृत प्रक्रिया प्रदान करती है। नियुक्त समितियों की सलाह और राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में निर्दिष्ट तिथि से पूर्व प्राप्त सभी अभ्यावेदनों पर विचार करने के बाद, समुचित सरकार आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, न्यूनतम मजदूरी की दरों को निर्धारित या पुनरीक्षित कर सकती है।

**निष्कर्ष I :** यदि अधिसूचना में कोई तिथि निर्दिष्ट की गई है, तो न्यूनतम दरें उसी तिथि से प्रभावी होंगी।

**निष्कर्ष II :** यदि कोई तिथि निर्दिष्ट नहीं की गई है, तो वे अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन माह की अवधि समाप्त होने पर प्रभावी होंगी।

उपर्युक्त कथन और निष्कर्षों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(A) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं

(B) केवल निष्कर्ष I सही है

(C) केवल निष्कर्ष II सही है

(D) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II सही है

3. Which of the following is included in the Central Government's power under Section 3(2)(ii) of the Environment (Protection) Act, 1986 ?

(A) Carrying out and sponsoring investigations and research relating to problems of environmental pollution

(B) Laying down standards for the quality of the environment in its various aspects

(C) Collection and dissemination of information in respect of matters relating to environmental pollution

(D) Planning and execution of a nation-wide programme for the prevention, control and abatement of environmental pollution

पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3(2)(ii) के अंतर्गत केंद्र सरकार की शक्तियों में निम्नलिखित में से क्या शामिल है ?

(A) पर्यावरणीय प्रदूषण की समस्याओं से संबंधित अन्वेषण और अनुसंधान कराना तथा उन्हें प्रायोजित करना

(B) पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं की गुणवत्ता के लिए मानक निर्धारित करना

(C) पर्यावरणीय प्रदूषण से संबंधित मामलों के संबंध में जानकारी एकत्र करना और प्रसार करना

(D) पर्यावरणीय प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और उपशमन के लिए राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की योजना बनाना और उसे क्रियान्वित करना

4. Under the Constitution of India, consider the following statements in the context of constitutional amendments :

I. Judicial review extends to constitutional amendments.

II. Laws inserted into the Ninth Schedule after 24th April, 1973 remain open to scrutiny for violation of the basic structure.

III. Parliament's amending power under Article 368 is unlimited.

Which of the above statements is/are correct ?

(A) I only

(B) I and II

(C) II and III

(D) I, II and III

भारत के संविधान के तहत, संवैधानिक संशोधनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. न्यायिक पुनर्विलोकन का विस्तार संवैधानिक संशोधनों तक है।

II. 24 अप्रैल, 1973 के बाद नौवीं अनुसूची में सम्मिलित कानून, मूल संरचना के उल्लंघन के आधार पर न्यायिक परीक्षण के लिए खुले रहते हैं।

III. अनुच्छेद 368 के अंतर्गत संसद की संशोधन शक्ति असीमित है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल I

(B) I और II

(C) II और III

(D) I, II और III

5. What do you mean by 'onus probandi' ?

(A) 'Burden of proof' which places the responsibility on the party making an affirmative claim to substantiate it with evidence.

(B) "The fact to be proved" or the "ultimate fact" that needs to be established in a legal case, such as the core elements of a crime or a cause of action.

(C) The prosecution in a criminal case must prove beyond a reasonable doubt, not only a criminal act, but also a certain level of a guilty mind *(mens rea)*, specified in the criminal statute.

(D) Actual evidence, documents, or witnesses presented to substantiate that claim.

'Onus Probandi' (ओनस प्रोबंडी) से क्या अभिप्राय है ?

(A) 'प्रमाण का दायित्व', जिसके अंतर्गत कोई सकारात्मक दावा करने वाले पक्ष पर उसे साक्ष्य द्वारा सिद्ध करने का दायित्व होता है।

(B) "सिद्ध किया जाने वाला तथ्य" अथवा "अंतिम तथ्य", जिसे किसी कानूनी मुकदमे में स्थापित किया जाना आवश्यक होता है, जैसे अपराध के मूल तत्त्व या मुकदमा-हेतु के आवश्यक तत्त्व।

(C) आपराधिक मुकदमे में अभियोजन पक्ष को युक्तिसंगत संदेह से परे न केवल आपराधिक कृत्य को बल्कि आपराधिक संविधि में निर्दिष्ट दोषपूर्ण मानसिक अवस्था *(mens rea)* के निश्चित स्तर को भी सिद्ध करना होता है।

(D) उस दावे को सिद्ध करने हेतु प्रस्तुत वास्तविक साक्ष्य, दस्तावेज़ या गवाह।

6. According to the Code of Civil Procedure, 1908, where a suit has abated due to failure to bring legal representatives on record within the prescribed time, the court may set aside such abatement if the plaintiff shows :

(A) That decree has not yet been passed.

(B) Sufficient cause for not making the application within time.

(C) Error apparent on the face of record.

(D) That the defendant had knowledge of death.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अनुसार, जहाँ निर्धारित समय के भीतर कानूनी प्रतिनिधियों को अभिलेख पर न लाने के कारण मुकदमा उपशमित (Abated) हो गया हो, वहाँ न्यायालय ऐसे उपशमन को तब रद्द कर सकता है, यदि वादी यह प्रदर्शित करे कि :

(A) वह डिक्री अभी तक पारित नहीं हुई है।

(B) समय के भीतर आवेदन न कर पाने का पर्याप्त कारण था।

(C) अभिलेख में स्पष्ट त्रुटि है।

(D) प्रतिवादी को मृत्यु की जानकारी थी।

7. According to Section 25(b) of the Arbitration and Conciliation Act, 1996, where the respondent fails to submit his statement of defence without sufficient cause, the arbitral tribunal shall :

(A) Treat the claimant's allegations as admitted.

(B) Proceed to decide the dispute treating the claimant's case as uncontroverted.

(C) Continue the proceedings without treating such failure as admission.

(D) Terminate the proceedings.

माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 25(b) के अनुसार, जहाँ प्रतिवादी बिना किसी पर्याप्त कारण के अपना बचाव-कथन प्रस्तुत करने में विफल रहता है, वहाँ मध्यस्थ न्यायाधिकरण :

(A) दावेदार के आरोपों को स्वीकृत मान लेगा।

(B) दावेदार के मामले को अविवादित मानते हुए विवाद का निर्णय करने के लिए आगे बढ़ेगा।

(C) ऐसी विफलता को स्वीकृति माने बिना कार्यवाही जारी रखेगा।

(D) कार्यवाही समाप्त कर देगा।

8. Under the Parsi Marriage and Divorce Act, 1936, for what duration can maintenance be awarded ?

(A) For a fixed term not exceeding ten years

(B) For a term not exceeding the life of the plaintiff

(C) For a period determined solely by the Registrar

(D) For a maximum of five years only

पारसी विवाह और विवाह-विच्छेद अधिनियम, 1936 के अंतर्गत, भरण-पोषण कितनी अवधि के लिए प्रदान किया जा सकता है ?

(A) ऐसी निश्चित अवधि के लिए, जो दस वर्ष से अधिक न हो

(B) ऐसी अवधि के लिए, जो वादी के जीवनकाल से अधिक न हो

(C) ऐसी अवधि के लिए, जो केवल रजिस्ट्रार द्वारा निर्धारित की जाए

(D) अधिकतम केवल पाँच वर्ष की अवधि के लिए

9. The case of Parmanand Katara v. Union of India (1989) is primarily associated with which of the following rights ?

(A) Right to speedy trial

(B) Right to clean and healthy environment

(C) Right to emergency medical care

(D) Right to life and personal liberty

परमानंद कटारा बनाम भारत संघ (1989) का मामला मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस अधिकार से संबंधित है ?

(A) शीघ्र सुनवाई का अधिकार

(B) स्वच्छ एवं स्वास्थ्यप्रद पर्यावरण का अधिकार

(C) आपातकालीन चिकित्सीय सहायता का अधिकार

(D) जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार

10. Which of the following statements is ***not*** true with respect to Section 65B of the Indian Evidence Act, 1872 ?

(A) Arjun Panditrao Khotkar v. Kailash Kushanrao Gorantyal, (2020) 7 SCC 1 – landmark judgment stands as the latest interpretation of the relevant provisions, offering a consistent approach in line with the legislative intent.

(B) The requirement of a certificate under Section 65B(4) of the Indian Evidence Act, 1872 ("Evidence Act"), is a condition precedent to the admissibility of an electronic record in evidence.

(C) In P.V. Anvar v. P.K. Basheer, the court held that Section 65B is a "complete code" for electronic evidence.

(D) In State (NCT of Delhi) v. Navjot Sandhu, reported in AIR 2005 SC 3820, the Hon'ble Supreme Court had held that courts could admit electronic records such as printouts and compact discs (CDs) as *prima facie* evidence without authentication.

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 65B के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?

(A) अर्जुन पंडितराव खोतकर बनाम कैलाश कुशनराव गोरंट्याल, (2020) 7 एससीसी 1 – यह ऐतिहासिक निर्णय संबंधित प्रावधानों की नवीनतम व्याख्या प्रस्तुत करता है, और विधायी आशय के अनुरूप एक सुसंगत दृष्टिकोण प्रदान करता है।

(B) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 ("साक्ष्य अधिनियम") की धारा 65B(4) के अंतर्गत प्रमाणपत्र की आवश्यकता, साक्ष्य के रूप में किसी इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख की स्वीकार्यता के लिए एक पूर्व-शर्त है।

(C) पी.वी. अनवर बनाम पी.के. बशीर मामले में, न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि धारा 65B इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के लिए एक "पूर्ण संहिता" है।

(D) राज्य (एनसीटी दिल्ली) बनाम नवजोत संधू, एआईआर 2005 एससी 3820 मामले में, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया था कि न्यायालय प्रिंटआउट तथा कॉम्पैक्ट डिस्क (CD) जैसे इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों को प्रमाणीकरण के बिना प्रथम दृष्ट्या साक्ष्य के रूप में स्वीकार कर सकते हैं।

11. Under the law relating to land acquisition under the relevant laws in India, which of the following statements is ***not*** true ?

(A) Such interested persons may file objections within 6 months of the notice having been issued.

(B) All persons interested in the land in question shall appear personally before the Collector.

(C) A minimum notice period of 30 days is to be given to all the persons interested.

(D) The Collector shall publish the public notice on his website.

भारत में भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रासंगिक कानूनों के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?

(A) ऐसे हितधारक व्यक्ति नोटिस जारी होने की तिथि से 6 माह के भीतर आपत्तियाँ दाखिल कर सकते हैं।

(B) विचाराधीन भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को कलेक्टर के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।

(C) सभी हितधारक व्यक्तियों को कम-से-कम 30 दिनों की नोटिस अवधि दी जानी चाहिए।

(D) कलेक्टर अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक नोटिस प्रकाशित करेगा।

12. In execution proceedings governed by the Code of Civil Procedure, 1908, where property of the judgment-debtor is attached and a third party raises a claim asserting independent title, such claim :

(A) Can be decided only after completion of execution proceedings.

(B) Must be decided by instituting a separate civil suit.

(C) Shall be adjudicated by the executing court.

(D) Requires prior determination by the court which passed the decree.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 द्वारा शासित निष्पादन कार्यवाहियों में, जहाँ निर्णय-ऋणी (judgment-debtor) की संपत्ति कुर्क की जाती है और कोई तृतीय पक्ष उस पर स्वतंत्र स्वामित्व का दावा करता है, तो ऐसा दावा :

(A) केवल निष्पादन कार्यवाही पूर्ण होने के बाद ही निर्णित किया जा सकता है।

(B) पृथक सिविल मुकदमा प्रारंभ करके ही निर्धारित किया जाना चाहिए।

(C) निष्पादन करने वाले न्यायालय द्वारा निर्णित किया जाएगा।

(D) उस न्यायालय द्वारा पूर्व-निर्धारण की अपेक्षा करता है जिसने डिक्री पारित की थी।

13. Read the following statements and choose the correct option.

Under the Copyright Act, 1957 :

**Statement I :** In the case of a posthumous literary work, copyright subsists for sixty years from the beginning of the calendar year next following the year in which the work is first published.

**Statement II :** For such works, publication refers to making the work available to the public by issue of copies or by communication to the public.

(A) Both Statements I and II are true

(B) Both Statements I and II are false

(C) Only Statement II is true

(D) Only Statement I is true

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के तहत :

**कथन I :** किसी मरणोपरांत साहित्यिक कृति के मामले में, कॉपीराइट उस कैलेंडर वर्ष के ठीक बाद वाले वर्ष की शुरुआत से साठ वर्षों तक बना रहता है, जिसमें वह कृति प्रथम बार प्रकाशित की गई हो।

**कथन II :** ऐसी कृतियों के लिए, प्रकाशन का अर्थ है, प्रतियों को जारी करने अथवा जनता तक संप्रेषण द्वारा कृति को जनता के लिए उपलब्ध कराना।

(A) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं

(B) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं

(C) केवल कथन II सत्य है

(D) केवल कथन I सत्य है

14. Under the Dowry Prohibition Act, 1961, what is the minimum term of imprisonment prescribed for giving or taking dowry ?

(A) Not less than ten years

(B) Not less than three years

(C) Not less than seven years

(D) Not less than five years

दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के अंतर्गत, दहेज देने या लेने के लिए कारावास की न्यूनतम निर्धारित अवधि कितनी है ?

(A) दस वर्ष से कम नहीं

(B) तीन वर्ष से कम नहीं

(C) सात वर्ष से कम नहीं

(D) पाँच वर्ष से कम नहीं

15. Which is the landmark case which expanded the scope of Article 23 of the Constitution of India ?

(A) Vishaka v. State of Rajasthan, (1997) 6 SCC 241

(B) PUDR v. Union of India, (1982) 3 SCC 235

(C) M.C. Mehta v. State of Tamil Nadu, (1996) 6 SCC 756

(D) Glaxo Laboratories v. Presiding Officer, Labour Court, Meerut, (1984) 1 SCC 1

वह कौन-सा ऐतिहासिक मामला है जिसने भारत के संविधान के अनुच्छेद 23 के कार्यक्षेत्र का विस्तार किया ?

(A) विशाखा बनाम राजस्थान राज्य, (1997) 6 एससीसी 241

(B) पीयूडीआर बनाम भारत संघ, (1982) 3 एससीसी 235

(C) एम.सी. मेहता बनाम तमिलनाडु राज्य, (1996) 6 एससीसी 756

(D) ग्लैक्सो लेबोरेटरीज़ बनाम पीठासीन अधिकारी, श्रम न्यायालय, मेरठ, (1984) 1 एससीसी 1

16. As per the Code of Civil Procedure, 1908, where the plaintiff in a civil suit fails to pay the requisite court fee or postal charges for service of summons within the time permitted by the court, the court may :

(A) Return the plaint for fresh presentation.

(B) Dismiss the suit.

(C) Stay the proceedings until service is effected.

(D) Proceed to decide the suit on merits.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अनुसार, यदि किसी सिविल मुकदमे में वादी न्यायालय द्वारा निर्धारित समय के भीतर समन की तामील के लिए आवश्यक न्यायालय शुल्क या डाक शुल्क का भुगतान करने में विफल रहता है, तो न्यायालय :

(A) वादपत्र को नए सिरे से प्रस्तुत करने के लिए लौटा सकता है।

(B) मुकदमे को खारिज कर सकता है।

(C) समन की तामील होने तक कार्यवाही रोक सकता है।

(D) मुकदमे का गुण-दोष के आधार पर निर्णय कर सकता है।

17. Under the scheme of distribution of legislative powers in the Constitution of India, a subject which is not enumerated in either the State List or the Concurrent List falls within the residuary field of legislation. Such residuary power is vested in :

(A) The Supreme Court of India

(B) The Parliament

(C) The State Legislatures

(D) The President of India

भारत के संविधान में विधायी शक्तियों के वितरण की योजना के अंतर्गत, ऐसा विषय जो न तो राज्य सूची में और न ही समवर्ती सूची में उल्लिखित है, अवशिष्ट विधायी क्षेत्र में आता है। ऐसी अवशिष्ट शक्ति किसमें निहित है ?

(A) भारत का सर्वोच्च न्यायालय

(B) संसद

(C) राज्य विधानमंडल

(D) भारत के राष्ट्रपति

18. Read the following statements and choose the correct option.

**Statement I :** Ossification test is the final test to analyze bone fusion for estimating the age of a juvenile as per law.

**Statement II :** Statutory documents like a birth certificate will be given precedence to determine the juvenile.

In the context of the above statements under the Indian Evidence Act, 1872, which one of the following options is correct ?

(A) Only Statement II is true

(B) Both Statements I and II are false

(C) Both Statements I and II are true

(D) Only Statement I is true

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**कथन I :** कानून के अनुसार, किसी किशोर की आयु निर्धारित करने हेतु अस्थि-संलयन (Bone Fusion) के विश्लेषण के लिए अस्थिभवन परीक्षण (Ossification Test) अंतिम परीक्षण माना जाता है।

**कथन II :** किसी व्यक्ति के किशोर होने का निर्धारण करने में जन्म प्रमाणपत्र जैसे वैधानिक दस्तावेज़ों को प्राथमिकता दी जाएगी।

उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अंतर्गत, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है ?

(A) केवल कथन II सत्य है

(B) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं

(C) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं

(D) केवल कथन I सत्य है

19. In Roman jurisprudence, the concept similar to the Rule of Law was referred to as :

(A) Jus Civile

(B) Lex Regia

(C) Jus Naturale

(D) Jus Gentium

रोमन विधिशास्त्र में, विधि का शासन के समान अवधारणा को किस नाम से जाना जाता था ?

(A) जस सिविल

(B) लेक्स रेजिया

(C) जस नेचुरेल

(D) जस जेंटियम

20. **Directions :** The following question consists of two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). You are to examine these two statements carefully and decide if the Assertion (A) and the Reason (R) are individually true and if so, whether the Reason (R) is a correct explanation of the Assertion (A).

**Assertion (A) :** The Constitution of India does not adopt a rigid separation of powers among the Legislature, Executive and Judiciary.

**Reason (R) :** The constitutional framework incorporates a system of checks and balances, allowing limited functional overlap among the organs of the State.

In the context of the Constitution of India, which one of the following is correct ?

(A) (A) is false, but (R) is true.

(B) (A) is true, but (R) is false.

(C) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं , जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करके यह निर्णय करना है कि क्या अभिकथन (A) और कारण (R) पृथक-पृथक सत्य हैं, और यदि ऐसा है, तो क्या कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

**अभिकथन (A) :** भारत का संविधान विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों के कठोर पृथक्करण को अंगीकार नहीं करता है।

**कारण (R) :** संवैधानिक व्यवस्था में नियंत्रण एवं संतुलन की प्रणाली समाहित है, जो राज्य के अंगों के बीच सीमित कार्यात्मक अतिव्यापन (Functional Overlap) की अनुमति देती है।

भारत के संविधान के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(A) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।

(B) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

21. In which of the following cases did Lord Wright observe that "the incalculable value of habeas corpus is that it enables the immediate determination of the applicant's freedom" ?

(A) Attorney General for Hong Kong v. Ng Yuen Shiu (1983) 2 AC 629

(B) Bugdaycay v. Secretary of State for the Home Department (1987) AC 514

(C) Greene v. Secretary of State for Home Affairs (1942) AC 284

(D) Attorney General for New South Wales v. Trethowan (1932) AC 526

निम्नलिखित में से किस मामले में लॉर्ड राइट ने यह टिप्पणी की थी कि "हेबियस कॉर्पस का अमूल्य महत्त्व इस तथ्य में निहित है कि यह आवेदक की स्वतंत्रता का तत्काल निर्धारण संभव बनाता है" ?

(A) अटॉर्नी जनरल फॉर हांगकांग बनाम न्ग यूएन शिउ (1983) 2 एसी 629

(B) बुगडेके बनाम सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर द होम डिपार्टमेंट (1987) एसी 514

(C) ग्रीन बनाम सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर होम अफेयर्स (1942) एसी 284

(D) अटॉर्नी जनरल फॉर न्यू साउथ वेल्स बनाम ट्रेथोवन (1932) एसी 526

22. Which of the following statements are correct with reference to withdrawal and abandonment of suits under the Code of Civil Procedure, 1908 ?

I. A plaintiff may withdraw or abandon a suit subject to the provisions of law.

II. Institution of a fresh suit on the same cause of action requires permission of the court.

III. Withdrawal of a suit without permission of the court to institute a fresh suit bars a subsequent suit on the same cause of action.

IV. The court must grant permission whenever such request is made.

Which of the above statements are correct ?

(A) I, II, III and IV

(B) I, II and III

(C) I, III and IV

(D) II, III and IV

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत मुकदमे की वापसी एवं परित्याग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

I. वादी, कानून के प्रावधानों के अधीन रहते हुए, मुकदमा वापस ले सकता है या उसका परित्याग कर सकता है।

II. उसी मुकदमे-हेतु पर एक नया मुकदमा प्रारंभ करने के लिए न्यायालय की अनुमति आवश्यक होती है।

III. न्यायालय से नया मुकदमा प्रारंभ करने की अनुमति लिए बिना किसी मुकदमे को वापस लेना, कार्रवाई के समान कारण पर बाद में कोई मुकदमा दायर करने पर रोक लगा देता है।

IV. ऐसी अनुमति का अनुरोध किए जाने पर न्यायालय को अनुमति देना अनिवार्य है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) I, II, III और IV

(B) I, II और III

(C) I, III और IV

(D) II, III और IV

23. Which of the following statements is ***not*** an example of the eggshell skull rule as per the law of torts ?

(A) A boy kicked another from across the aisle in the classroom. It turned out that the victim had an unknown microbial condition that was irritated, and resulted in him entirely losing the use of his leg.

(B) Nervous shock cases are also consistent with this principle. The rule is that if injury from nervous shock is reasonably foreseeable to an ordinarily strong-nerved person situated in the position of the claimant, the defendant is liable for the full extent of the shock.

(C) A man had a heart attack and died after being bruised in the chest during a rear-end car accident.

(D) 'A' underwent an appendectomy in a hospital. Despite the surgery going as planned, she continued to experience abdominal pain. It was later discovered that a needle had been left inside her abdomen, leading to further surgeries and prolonged suffering.

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन टॉर्ट के नियम (Law of Torts) के अनुसार एगशेल स्कल नियम का उदाहरण ***नहीं*** है ?

(A) एक लड़के ने कक्षा में गलियारे के उस पार से दूसरे लड़के को लात मारी । बाद में पता चला कि पीड़ित को एक अनजान माइक्रोबियल बीमारी थी, जो उस चोट से बढ़ गई और परिणामस्वरूप वह अपने पैर का इस्तेमाल पूरी तरह से खो बैठा ।

(B) मानसिक आघात के मामले भी इस सिद्धांत के अनुरूप हैं । नियम यह है कि यदि मानसिक आघात से हुई क्षति एक सामान्य दृढ़-मन वाले व्यक्ति के लिए, जो वादी की स्थिति में हो, युक्तिसंगत रूप से पूर्वानुमानित हो, तो प्रतिवादी उस आघात की संपूर्ण सीमा तक उत्तरदायी होगा ।

(C) एक व्यक्ति की पीछे से हुई कार दुर्घटना में छाती पर चोट लगने के बाद दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई ।

(D) 'A' का एक अस्पताल में अपेंडिक्स को निकालने का ऑपरेशन हुआ । हालाँकि सर्जरी योजना के अनुसार हुई, फिर भी उसे पेट में लगातार दर्द बना रहा । बाद में पता चला कि उसके पेट में एक सुई छूट गई थी, जिसके कारण उसे आगे सर्जरी करानी पडी और लंबे समय तक पीड़ा सहनी पड़ी ।

24. Under Section 173 of the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS), 2023, if a police officer-in-charge determines that an investigation is not warranted because the case lacks sufficient gravity, they are legally obligated to notify the informant of this decision within :

(A) 14 days
(B) 7 days
(C) 30 days
(D) 24 hours

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 173 के अंतर्गत, यदि थाना प्रभारी यह निर्धारित करता है कि मामले में पर्याप्त गंभीरता न होने के कारण जाँच-पड़ताल की आवश्यकता नहीं है, तो वह सूचनादाता (informant) को कितने समय के भीतर इस निर्णय की सूचना देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है ?

(A) 14 दिन
(B) 7 दिन
(C) 30 दिन
(D) 24 घंटे

25. Under the Code of Criminal Procedure (CrPC), 1973, which specific provision provides the legal definition for a 'Bailable Offence' ?

(A) Section 2(h)
(B) Section 2(x)
(C) Section 2(c)
(D) Section 2(a)

दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1973 के अंतर्गत, 'जमानती अपराध' की कानूनी परिभाषा किस विशिष्ट प्रावधान में दी गई है ?

(A) धारा 2(h)
(B) धारा 2(x)
(C) धारा 2(c)
(D) धारा 2(a)

26. A. aged 80 years, executes a registered deed transferring a parcel of land to a trust with the conditions that, "The property shall be used forever for maintaining a public library and reading room for the residents of Village X. However, if at any time the property ceases to be used for this purpose, it shall revert to my heirs. Further, the income from the property shall accumulate for 50 years before being used for expansion of the library."

Which of the following statements is most accurate in law ?

(A) The entire transfer is void because the reversionary clause creates uncertainty and violates public policy.

(B) The transfer is void because it violates the rule against perpetuity and the condition of accumulation beyond permissible limits.

(C) The transfer is valid in entirety, including the accumulation clause, because transfers for public purposes are fully exempt from all perpetuity-related restrictions.

(D) The transfer is valid as it falls within the exception for public benefit, but the accumulation clause is void to the extent it exceeds statutory limits.

A. जिनकी उम्र 80 वर्ष है, एक पंजीकृत विलेख द्वारा भूमि का एक भाग एक न्यास को इस शर्त के साथ हस्तांतरित करता है कि "इस संपत्ति का उपयोग हमेशा ग्राम X के निवासियों के लिए सार्वजनिक पुस्तकालय एवं वाचनालय के संचालन के लिए किया जाएगा। बहरहाल, यदि किसी भी समय यह संपत्ति इस उद्देश्य के लिए उपयोग में नहीं लाई जाती है, तो यह मेरे वारिसों को वापस चली जाएगी। इसके अतिरिक्त, इस संपत्ति से होने वाली आय 50 वर्षों तक जमा होती रहेगी, जिसके बाद इसका उपयोग पुस्तकालय के विस्तार के लिए किया जाएगा।"

कानून के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वाधिक सटीक है ?

(A) संपूर्ण हस्तांतरण शून्य है, क्योंकि प्रत्यावर्तन संबंधी शर्त (यानी संपत्ति वापस मिलने से जुड़ा नियम) अनिश्चितता पैदा करती है, और लोकनीति का उल्लंघन करती है।

(B) यह हस्तांतरण शून्य है, क्योंकि यह शाश्वतता-विरोधी नियम और अनुमत सीमा से अधिक संचय करने की शर्त का उल्लंघन करता है।

(C) यह हस्तांतरण पूर्णतः वैध है, जिसमें संचय संबंधी शर्त भी सम्मिलित है, क्योंकि सार्वजनिक उद्देश्यों से किए गए हस्तांतरण शाश्वतता-संबंधी सभी प्रतिबंधों से पूर्णतः मुक्त होते हैं।

(D) यह हस्तांतरण वैध है क्योंकि यह लोकहित से जुड़े अपवाद के दायरे में आता है, किन्तु संचय संबंधी शर्त उतनी सीमा तक शून्य होगी, जिस हद तक यह वैधानिक सीमा से अधिक हो।

27. A Magistrate of the Second Class passes a sentence of one month's imprisonment. The accused wants to appeal. Based on the Code of Criminal Procedure (CrPC), 1973, which of the following is true ?

(A) The accused is entitled to file an appeal before the Court of Session.

(B) An appeal lies only if a fine was also imposed.

(C) The accused may prefer an appeal directly to the High Court.

(D) No appeal is maintainable in this specific instance.

द्वितीय श्रेणी के एक मजिस्ट्रेट द्वारा एक माह के कारावास का दंड दिया जाता है। अभियुक्त अपील करना चाहता है। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1973 के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(A) अभियुक्त को सत्र न्यायालय के समक्ष अपील दायर करने का अधिकार है।

(B) अपील केवल तभी की जा सकती है जब जुर्माना भी लगाया गया हो।

(C) अभियुक्त सीधे उच्च न्यायालय में अपील कर सकता है।

(D) इस विशिष्ट स्थिति में कोई अपील पोषणीय नहीं है।

28. Under the provisions of Section 362 of the Indian Penal Code (IPC), 1860, which of the following is ***not*** a mandatory legal requirement (ingredient) to constitute the offence of 'Abduction' ?

(A) Compelling or inducing a person to move from one place to another

(B) The classification of the act as a "continuing offence"

(C) The employment of physical force or the use of deceitful means

(D) The person abducted must be a minor

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 की धारा 362 के प्रावधानों के अंतर्गत, निम्नलिखित में से कौन-सी बात 'अपहरण' के अपराध के गठन हेतु अनिवार्य कानूनी अपेक्षा (तत्त्व) ***नहीं*** है ?

(A) किसी व्यक्ति को एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए विवश या प्रेरित करना

(B) इस कृत्य का "सतत अपराध" के रूप में वर्गीकरण

(C) शारीरिक बल का प्रयोग या कपटपूर्ण साधनों का उपयोग

(D) अपहृत व्यक्ति का अवयस्क होना

29. The Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023 is ***not*** applicable in which case ?

(A) National Company Law Tribunal

(B) Arbitral Tribunal

(C) Income Tax Appellate Tribunal

(D) National Green Tribunal

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 निम्नलिखित में से किस मामले में लागू ***नहीं*** होता है ?

(A) राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण

(B) मध्यस्थता न्यायाधिकरण

(C) आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण

(D) राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण

30. The Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS), 2023, has introduced a specific timeframe for the delivery of a judgment after the conclusion of arguments. What is that timeframe ?

(A) Within 90 days, provided the reasons for delay are recorded

(B) Within 30 days (extendable to 45 days)

(C) Within 60 days from the date of reserving the order

(D) Within a strict period of 15 days

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 ने बहस समाप्त होने के पश्चात फैसला सुनाने के लिए एक विशिष्ट समय-सीमा तय की है। वह समय-सीमा क्या है ?

(A) 90 दिनों के भीतर, बशर्ते विलंब के कारण अभिलिखित किए जाएँ

(B) 30 दिनों के भीतर (जिसे 45 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है)

(C) आदेश सुरक्षित रखे जाने की तिथि से 60 दिनों के भीतर

(D) 15 दिनों की निश्चित समय-सीमा के भीतर

31. Which provision of the Code of Criminal Procedure (CrPC), 1973, provides a summary legal remedy for the maintenance of spouses, children, and parents who are unable to support themselves ?

(A) Section 125 (B) Section 320

(C) Section 144 (D) Section 107

दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1973 का कौन-सा प्रावधान उन जीवनसाथी, बच्चों तथा माता-पिता के भरण-पोषण हेतु संक्षिप्त कानूनी उपाय प्रदान करता है, जो स्वयं अपना पालन-पोषण करने में असमर्थ हैं ?

(A) धारा 125 (B) धारा 320

(C) धारा 144 (D) धारा 107

32. Under the provisions of the Code of Civil Procedure, 1908, where a decree is passed against multiple defendants, one of whom was not served with summons and had no opportunity to contest, such a defendant may seek relief :

(A) Only through review before the same court.

(B) Only by filing a separate suit.

(C) By applying for setting aside the ex-parte decree.

(D) Only through an appeal against decree.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के प्रावधानों के अंतर्गत, जहाँ अनेक प्रतिवादियों के विरुद्ध डिक्री पारित की गई हो और उनमें से एक प्रतिवादी को समन की तामील न हुई हो, और उसे अपना पक्ष रखने का अवसर न मिला हो, तो ऐसा प्रतिवादी राहत प्राप्त करने के लिए :

(A) केवल उसी न्यायालय के समक्ष पुनर्विलोकन द्वारा ही राहत प्राप्त कर सकता है।

(B) केवल पृथक मुकदमा दायर कर सकता है।

(C) एकपक्षीय डिक्री को रद्द कराने हेतु आवेदन कर सकता है।

(D) डिक्री के विरुद्ध केवल अपील द्वारा राहत प्राप्त कर सकता है।

33. Under the Code of Civil Procedure, 1908, where a suit is instituted against a person who is subsequently found to have been wrongly impleaded as a defendant, the court may :

(A) Dismiss the suit as not maintainable.

(B) Permit substitution or addition of the proper defendant.

(C) Direct the plaintiff to institute a fresh suit.

(D) Return the plaint on the ground of mis-joinder of parties.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत, यदि किसी व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दायर किया गया हो और बाद में यह पाया जाए कि उसे गलत रूप से प्रतिवादी बनाया गया था, तो न्यायालय :

(A) मुकदमे को पोषणीय न मानते हुए खारिज कर सकता है।

(B) उचित प्रतिवादी को प्रतिस्थापित करने या जोड़ने की अनुमति दे सकता है।

(C) वादी को नया मुकदमा दायर करने का निर्देश दे सकता है।

(D) पक्षकारों के गलत संयोजन के आधार पर वाद-पत्र लौटा सकता है।

34. Read the following statements and choose the correct option in the light of the Arbitration and Conciliation Act, 1996.

A dispute arises regarding jurisdiction of the arbitral tribunal.

**Statement I :** The arbitral tribunal may rule on its own jurisdiction.

**Statement II :** A plea that the tribunal lacks jurisdiction shall be raised not later than the submission of the statement of defence, unless the arbitral tribunal permits a later plea.

(A) Only Statement I is true

(B) Both Statements I and II are true

(C) Only Statement II is true

(D) Neither Statement I nor Statement II is true

निम्नलिखित कथनों को पढ़कर माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 के आलोक में सही विकल्प चुनिए।

मध्यस्थ न्यायाधिकरण के क्षेत्राधिकार से संबंधित एक विवाद उत्पन्न होता है।

**कथन I :** मध्यस्थ न्यायाधिकरण अपने स्वयं के क्षेत्राधिकार पर निर्णय दे सकता है।

**कथन II :** यह आपत्ति कि न्यायाधिकरण के पास क्षेत्राधिकार नहीं है, बचाव-कथन प्रस्तुत किए जाने से पूर्व पेश की जानी चाहिए, जब तक कि मध्यस्थ न्यायाधिकरण बाद में ऐसी आपत्ति पेश करने की अनुमति न दे।

(A) केवल कथन I सत्य है

(B) कथन I और II दोनों सत्य हैं

(C) केवल कथन II सत्य है

(D) न तो कथन I और न ही कथन II सत्य है

35. According to Section 20 of the Arbitration and Conciliation Act, 1996, where the parties have not agreed on the place of arbitration, the arbitral tribunal shall determine it having regard to :

(A) Jurisdiction of the civil court alone.

(B) Place where the contract was executed.

(C) Circumstances of the case, including the convenience of the parties.

(D) Location of subject matter of dispute.

माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 20 के अनुसार, जहाँ पक्षकारों के बीच मध्यस्थता के स्थान के संबंध में सहमति न हुई हो, वहाँ मध्यस्थ न्यायाधिकरण निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखते हुए इसका निर्धारण करेगा :

(A) केवल सिविल न्यायालय के क्षेत्राधिकार को।

(B) उस स्थान को जहाँ अनुबंध निष्पादित किया गया था।

(C) मामले की परिस्थितियाँ, जिनमें पक्षकारों की सुविधा भी सम्मिलित है।

(D) विवाद की विषय-वस्तु के स्थान को।

36. What is the year did the mandatory pre-fitment of High Security Registration Plates (HSRP) for all new vehicles come into effect under the Motor Vehicles Act, 1988 ?

(A) 2023

(B) 2018

(C) 2024

(D) 2019

मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत सभी नए वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (HSRP) का अनिवार्य प्री-फिटमेंट किस वर्ष से लागू हुआ ?

(A) 2023

(B) 2018

(C) 2024

(D) 2019

37. According to Section 10(37), of the Income-tax Act, 1961, compensation is received by an individual on compulsory acquisition of agricultural land which had been used for agricultural purposes by him prior to acquisition. What is the correct legal position ?

(A) It is always taxable under the Act.

(B) It is exempt, subject to fulfilment of prescribed conditions.

(C) It is taxable only if it exceeds a prescribed limit.

(D) It is taxable as business income.

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(37) के अनुसार, किसी व्यक्ति को उस कृषि भूमि के अनिवार्य अधिग्रहण के बदले मुआवजा प्राप्त होता है, जिसका उपयोग अधिग्रहण से पूर्व उसके द्वारा कृषि प्रयोजनों के लिए किया जा रहा था। सही कानूनी स्थिति क्या है ?

(A) यह अधिनियम के अंतर्गत सदैव कर-योग्य है।

(B) निर्धारित शर्तों को पूरा करने के अधीन यह कर-मुक्त है।

(C) यह केवल तभी कर-योग्य होगा जब यह निर्धारित सीमा से अधिक हो।

(D) यह व्यावसायिक आय के रूप में कर-योग्य है।

38. "The rules of natural justice were not confined to the narrow precincts of the prevailing definition of quasi-judicial functions." This principle was laid down in which case ?

(A) Conway v. Rimmer (1968) A.C. 910

(B) Ridge v. Baldwin (1964) A.C. 40

(C) Maradana Mosque Trustees v. Mahmud (1967) (1) A.C. 13

(D) A.K. Kraipak v. Union of India AIR 1970 SC 150

"नैसर्गिक न्याय के नियम अर्द्ध-न्यायिक कार्यों की प्रचलित परिभाषा की संकीर्ण परिधि तक ही सीमित नहीं थे।" यह सिद्धांत कि मुकदमे में प्रतिपादित किया गया था ?

(A) कॉनवे बनाम रिमर (1968) ए.सी. 910

(B) रिज बनाम बाल्डविन (1964) ए.सी. 40

(C) मरदाना मस्जिद ट्रस्टी बनाम महमूद (1967) (1) ए.सी. 13

(D) ए.के. क्राइपाक बनाम भारत संघ, एआईआर 1970 एससी 150

39. Under Article 143 of the Constitution of India, the President may seek the opinion of the Supreme Court on questions of law or fact of public importance. The opinion rendered by the Court in such a reference i generally regarded as :

(A) Enforceable through contempt jurisdiction

(B) A binding precedent under Article 141

(C) Advisory in nature and not strictly binding

(D) Equivalent to a decree of the Court

भारत के संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत , राष्ट्रपति सार्वजनिक महत्त्व के कानून या तथ्य के प्रश्नों पर उच्चतम न्यायालय की माँग सकते हैं। ऐसे संदर्भ में न्यायालय द्वारा दी गई राय को सामान्यतः किस रूप में माना जाता है ?

(A) अवमानना क्षेत्राधिकार के माध्यम से प्रवर्तनीय

(B) अनुच्छेद 141 के अंतर्गत बाध्यकारी नज़ीर

(C) परामर्शात्मक प्रकृति की और कठोरता से बाध्यकारी नहीं

(D) न्यायालय की डिक्री के समतुल्य

40. On which specific date did the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS), 2023, officially come i force, replacing the Code of Criminal Procedure, 1973 ?

(A) January 1, 2024

(B) July 1, 2024

(C) August 15, 2023

(D) December 25, 2023

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 किस विशिष्ट तिथि को आधिकारिक तौर पर लागू हुई, जिसने दंड प्रक्रि संहिता, 1973 का स्थान लिया ?

(A) 1 जनवरी, 2024

(B) 1 जुलाई, 2024

(C) 15 अगस्त, 2023

(D) 25 दिसंबर, 2023

41. Under the provisions of the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS), 2023, what is the current range of punishments available to a court for the offence of 'Defamation' ?

(A) Rigorous imprisonment for 5 years

(B) Simple imprisonment, or fine, or both, or Community Service

(C) Only an apology in open court

(D) Only a fine

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 के प्रावधानों के तहत, 'मानहानि' के अपराध के लिए वर्तमान में न्यायालय द्वारा कौन-कौन से दंड दिए जा सकते है ?

(A) 5 वर्ष का कठोर कारावास

(B) साधारण कारावास, या जुर्माना, या दोनों, या सामुदायिक सेवा

(C) खुले न्यायालय में केवल माफी

(D) केवल जुर्माना

42. "Administrative law is the law concerning the powers and procedures of administrative agencies, including especially the law governing judicial review of administrative action." This definition was given by :

(A) H.W.R. Wade

(B) A.V. Dicey

(C) K.C. Davis

(D) Ivor Jennings

"प्रशासनिक कानून वह कानून है जो प्रशासनिक अभिकरणों की शक्तियों एवं प्रक्रियाओं से संबंधित होता है, जिसमें विशेष रूप से प्रशासनिक कार्यों के न्यायिक पुनर्विलोकन को नियंत्रित करने वाला कानून सम्मिलित है।" यह परिभाषा किसके द्वारा दी गई थी ?

(A) एच.डब्ल्यू.आर. वेड

(B) ए.वी. डाइसी

(C) के.सी. डेविस

(D) आइवर जेनिंग्स

43. Which of the following innovative penal measures has been officially incorporated into the sentencing framework under Section 4 of the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS), 2023 ?

(A) Solitary confinement

(B) Life imprisonment without the possibility of parole

(C) Compulsory forfeiture of ancestral property

(D) Community Service

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 4 के अंतर्गत दंड व्यवस्था में निम्नलिखित में से किस अभिनव दंडात्मक उपाय को आधिकारिक तौर पर शामिल किया गया है ?

(A) एकांत कारावास

(B) पैरोल की संभावना के बिना आजीवन कारावास

(C) पैतृक संपत्ति को अनिवार्य रूप से जब्त करना

(D) सामुदायिक सेवा

44. **Directions** : The following question consists of two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). You are to examine these two statements carefully and decide if the Assertion and the Reason (R) are individually true and if so, whether the Reason (R) is a correct explanation of Assertion (A).

**Assertion (A)** : An ex parte decree may be set aside if the defendant satisfies the court that he was prevented by sufficient cause from appearing when the suit was called for hearing.

**Reason (R)** : Under Order IX Rule 13 of the Code of Civil Procedure, 1908, the court must be satisfied that the summons was not duly served or that the defendant was prevented by sufficient cause from appearing when the suit was called for hearing.

Mark your answer as :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is false, but (R) is true.

(D) (A) is true, but (R) is false.

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है। इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करके यह निर्णय करना है कि अभिकथन (A) तथा कारण (R) पृथक-पृथक सत्य हैं और यदि ऐसा है, तो क्या कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।

**अभिकथन (A) :** यदि प्रतिवादी न्यायालय को यह संतुष्ट कर दे कि मुकदमे की सुनवाई के समय उपस्थित न हो पाने के लिए उसके पास पर्याप्त कारण था, तो एकपक्षीय डिक्री रद्द की जा सकती है।

**कारण (R) :** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश IX नियम 13 के अंतर्गत, न्यायालय को इससे संतुष्ट किया जाना होगा कि या तो समन की विधिवत रूप से तामील नहीं हुई थी अथवा प्रतिवादी मुकदमे की सुनवाई के समय पर्याप्त कारणवश उपस्थित नहीं हो सका था।

अपना उत्तर निम्न प्रकार से अंकित कीजिए :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है।

(C) (A) असत्य है, किंतु (R) सत्य है।

(D) (A) सत्य है, किंतु (R) असत्य है।

45. Which provision of the Code of Criminal Procedure (CrPC), 1973, stipulates that a police officer must produce a person arrested without a warrant before a Magistrate within a maximum period of 24 hours?

(A) Section 51 (B) Section 57

(C) Section 41 (D) Section 164

दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1973 का कौन-सा प्रावधान यह निर्धारित करता है कि बिना वारंट गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को पुलिस अधिकारी द्वारा अधिकतम 24 घंटे की अवधि के भीतर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है?

(A) धारा 51 (B) धारा 57

(C) धारा 41 (D) धारा 164

46. Ajeet Singh, a famous singer, enters into a contract with Yash Aditya Music Company agreeing to perform exclusively for them for 2 years and not to perform for any other company during that period. After one year, Ajeet Singh refuses to perform for Yash Aditya Music Company and begins performing for BR Chopra & Company. Yash Aditya Music Company files a suit seeking an injunction restraining Ajeet Singh from performing for BR Chopra & Company.

Which of the following statements is correct under the Specific Relief Act, 1963 ?

(A) The court must compel Ajeet Singh to sing for Yash Aditya Music Company.

(B) Only damages can be granted.

(C) The injunction may be granted to enforce the negative covenant.

(D) The injunction must be refused because contracts of personal service cannot be enforced.

अजीत सिंह, जो एक मशहूर गायक हैं, यश आदित्य म्यूज़िक कंपनी के साथ एक अनुबंध करते हैं, जिसमें वे 2 वर्षों तक केवल उसी कंपनी के लिए गाने पर सहमत होते हैं और वे उस अवधि में किसी अन्य कंपनी के लिए नहीं गाएँगे। एक वर्ष बाद, अजीत सिंह यश आदित्य म्यूज़िक कंपनी के लिए गाने से मना कर देते हैं और बीआर चोपड़ा एंड कंपनी के लिए गाना शुरू कर देते हैं। तब यश आदित्य म्यूज़िक कंपनी ने न्यायालय में मुकदमा दायर करके निषेधाज्ञा की माँग की, ताकि अजीत सिंह को बीआर चोपड़ा एंड कंपनी के लिए गाने से रोका जा सके।

विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(A) न्यायालय को अजीत सिंह को यश आदित्य म्यूज़िक कंपनी के लिए गाने के लिए बाध्य करना होगा।

(B) केवल क्षतिपूर्ति प्रदान की जा सकती है।

(C) निषेधाज्ञा दी जा सकती है ताकि प्रतिबंधात्मक प्रसंविदा (Negative Covenant) का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

(D) निषेधाज्ञा देने से इंकार करना होगा, क्योंकि व्यक्तिगत सेवा के अनुबंधों को लागू नहीं किया जा सकता।

47. Which of the following Articles of the Constitution of India forms the primary legislative basis for the Parliament enacting the Air (Prevention and Control of Pollution) Act, 1981 ?

(A) Article 253

(B) Article 252

(C) Article 233

(D) None of the above

भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद संसद द्वारा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 को अधिनियमित करने के लिए प्राथमिक विधायी आधार प्रदान करता है ?

(A) अनुच्छेद 253

(B) अनुच्छेद 252

(C) अनुच्छेद 233

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

48. The Information Technology Act, 2000, distinguishes between civil liability and criminal liability in ca of misuse of computer resources. In which of the following situations would such conduct attract crim punishment rather than mere compensation ?

(A) When the affected party chooses to initiate criminal proceedings

(B) When the act is done dishonestly or fraudulently in addition to unauthorised access

(C) When the damage to computer resources exceeds a prescribed monetary limit

(D) When access to a computer system is without permission, irrespective of intent

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 में कंप्यूटर संसाधनों के दुरुपयोग के मामलों में सिविल दायित्व और आपराधिक दायित्व के ब भेद किया गया है । निम्नलिखित में से किस स्थिति में ऐसा आचरण केवल मुआवज़े तक सीमित न रहकर आपराधिक दंड आकर्षित करेगा ?

(A) जब प्रभावित पक्ष आपराधिक कार्यवाही शुरू करने का विकल्प चुने ।

(B) जब अनधिकृत पहुँच के अतिरिक्त, यह कार्य बेईमानी या धोखाधड़ी से किया गया हो ।

(C) जब कंप्यूटर संसाधनों को हुई क्षति एक निर्धारित मौद्रिक सीमा से अधिक हो ।

(D) जब किसी कंप्यूटर प्रणाली तक पहुँच बिना अनुमति के हो, चाहे उसका आशय कुछ भी हो ।

49. Which of the following is ***not*** stated in Section 63(4) of the Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023, w regard to a certificate to verify the authenticity of electronic evidence ?

(A) Signed by both the person in charge of the computer or communication device and an expert, with certificate adhering to the format prescribed in the Adhiniyam's Schedule.

(B) The form specified in the Schedule requires that electronic evidence be accompanied by a 'h value'.

(C) Qualification of an expert.

(D) None of the above

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की धारा 63(4) में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की प्रामाणिकता सत्यापित करने वाले प्रमाणपत्र के सं निम्नलिखित में से कौन-सी बात उल्लिखित ***नहीं*** है ?

(A) यह प्रमाणपत्र कंप्यूटर या संचार उपकरण के प्रभारी व्यक्ति और विशेषज्ञ दोनों द्वारा हस्ताक्षरित होगा, और यह प्रम अधिनियम की अनुसूची में निर्दिष्ट प्रारूप के अनुरूप होगा ।

(B) अनुसूची में निर्दिष्ट प्रपत्र में यह अपेक्षा की गई है कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के साथ 'हैश वैल्यू' संलग्न हो ।

(C) विशेषज्ञ की योग्यता ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

50. **Directions :** The following question consists of two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). You are to examine these two statements carefully and decide if the Assertion (A) and the Reason (R) are individually true and if so, whether the Reason (R) is a correct explanation of the Assertion (A).

**Assertion (A) :** The respondent was engaged as a Safai Karamchari in a charitable trust. The dispute originated when he was terminated due to repeated absence from duty. The trust challenged the award on the grounds that it was not an 'industry' under Section 2(j) of the Industrial Disputes Act, 1947, and therefore the worker was not a workman, making Section 25-F inapplicable.

**Reason (R) :** The trust engaged in multifarious activities including commercial ventures and hired employees for commercial and charitable activities in an organized manner with proper remuneration.

In the context of the above Assertion and Reason under the Industrial Disputes Act, 1947, which one of the following is correct ?

(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(C) (A) is false, but (R) is true.

(D) (A) is true, but (R) is false.

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करके यह निर्णय करना है कि क्या अभिकथन (A) और कारण (R) पृथक-पृथक सत्य हैं, और यदि ऐसा है, तो क्या कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

**अभिकथन (A) :** प्रतिवादी एक धर्मार्थ न्यास में सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। विवाद तब उत्पन्न हुआ जब उसे बार-बार ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के कारण सेवामुक्त कर दिया गया। न्यास ने इस आधार पर अधिनिर्णय को चुनौती दी कि वह औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 2(j) के अंतर्गत 'उद्योग' नहीं है, और इसलिए वह कर्मचारी 'कामगार' नहीं है, जिसके कारण धारा 25-F उस पर लागू नहीं होती।

**कारण (R) :** न्यास कई तरह की गतिविधियों में संलग्न था, जिनमें वाणिज्यिक उपक्रम भी शामिल थे; और उसने वाणिज्यिक तथा धर्मार्थ गतिविधियों के लिए कर्मचारियों को संगठित तरीके से, उचित पारिश्रमिक देकर नियुक्त किया था।

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अंतर्गत, ऊपर दिए गए अभिकथन और कारण के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(C) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।

(D) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है।

51. In accordance with the provisions of the Code of Civil Procedure, 1908, where a court, while examining pleadings, finds certain averments to be unnecessary and capable of prejudicing or delaying the fair trial, the court, in such a case, may

(A) Strike out such pleadings at any stage of proceedings.

(B) Direct amendment only after trial begins.

(C) Ignore such pleadings without passing any order.

(D) Reject the plaint in entirety.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के प्रावधानों के अनुसार, यदि न्यायालय अभिवचनों का परीक्षण करते समय यह पाता है कि कुछ कथन अनावश्यक है और वे निष्पक्ष विचारण (fair trial) में पूर्वाग्रह उत्पन्न करने या विलंब करने वाले हैं, तो ऐसी स्थिति न्यायालय

(A) कार्यवाही के किसी भी चरण में ऐसे अभिवचनों को हटा सकता है।

(B) केवल विचारण शुरू होने के बाद ही संशोधन का निर्देश दे सकता है।

(C) बिना कोई आदेश पारित किए ऐसे अभिवचनों की उपेक्षा कर सकता है।

(D) संपूर्ण वादपत्र को अस्वीकार कर सकता है।

52. During an India - Country X war, India declares X an enemy. A (an Indian citizen) enters into a contract to supply medicines to B (a citizen of X) via a neutral intermediary and a bank.

Which of the following is most accurate under the Indian Contract Act, 1872 ?

(A) Valid - goods are humanitarian and payment is via a neutral country.

(B) Valid - unless the Government expressly cancels.

(C) Voidable - only the Government of India can cancel.

(D) Void - trading with an enemy in war is prohibited and is against public policy.

भारत और देश X के बीच युद्ध के दौरान, भारत ने देश X को शत्रु राष्ट्र घोषित कर दिया। A (जो कि एक भारतीय ना... तटस्थ मध्यस्थ और बैंक के माध्यम से B (जो कि देश X का नागरिक है) से दवाइयों की आपूर्ति करने के लिए अनु...

भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अंतर्गत, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वाधिक सटीक है ?

(A) वैध - क्योंकि वस्तुएँ मानवीय सहायता के उद्देश्य से हैं, और भुगतान एक तटस्थ देश के माध्यम से हो रहा है।

(B) वैध - जब तक सरकार स्पष्ट रूप से इसे रद्द न कर दे।

(C) शून्यकरणीय - केवल भारत सरकार ही इसे रद्द कर सकती है।

(D) शून्य - युद्धकाल में शत्रु देश के साथ व्यापार करना मना है और यह लोकनीति के विरुद्ध है।

53. Section 233 of the Companies Act, 2013, deals with "fast track merger". What is the time duration and the concerned authority for approval ?

(A) 60-90 Days, NCLT

(B) 1 Year, Regional Director

(C) 45-90 Days, NCLAT

(D) 60-90 Days, Regional Director

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 233, "फास्ट ट्रैक विलय" से संबंधित है। इसके अनुमोदन के लिए समयावधि तथा संबंधित प्राधिकारी क्या/कौन है ?

(A) 60-90 दिन, एनसीएलटी

(B) 1 वर्ष, क्षेत्रीय निदेशक

(C) 45-90 दिन, एनसीएलएटी

(D) 60-90 दिन, क्षेत्रीय निदेशक

54. A contracts with B to construct a cold storage facility for ₹ 50 lakh within 6 months. After the expiry of the time period, B fails to perform the contract. A immediately hires C to complete the construction at ₹ 60 lakh and later files a suit against B claiming ₹ 10 lakh as the additional cost incurred.

Which of the following statements is correct under the Specific Relief Act, 1963 ?

(A) A can recover only if the court first declares B guilty of breach.

(B) A must sue only for damages and not substituted performance.

(C) A can recover ₹ 10 lakh because B breached the contract.

(D) A cannot recover the cost because A did not give B prior notice.

A ने B के साथ ₹ 50 लाख में 6 महीने के भीतर एक कोल्ड स्टोरेज सुविधा-केंद्र के निर्माण के लिए अनुबंध किया। निर्धारित समय अवधि समाप्त होने के बाद भी B अनुबंध का पालन करने में विफल रहा। इसके बाद A ने तुरंत C को ₹ 60 लाख में निर्माण कार्य पूरा करने के लिए नियुक्त कर दिया, और बाद में B के विरुद्ध अतिरिक्त लागत का दावा करते हुए ₹ 10 लाख की वसूली के लिए मुकदमा दायर किया।

विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(A) A केवल तभी वसूली कर सकता है यदि न्यायालय पहले B को अनुबंध के उल्लंघन का दोषी घोषित करे।

(B) A केवल क्षतिपूर्ति के लिए मुकदमा दायर कर सकता है, न कि प्रतिस्थापित निष्पादन (यानी किसी अन्य से कार्य पूरा करवाने के लिए)।

(C) A ₹ 10 लाख की वसूली कर सकता है, क्योंकि B ने अनुबंध का उल्लंघन किया।

(D) A लागत की वसूली नहीं कर सकता, क्योंकि A ने B को कोई पूर्व नोटिस नहीं दिया था।

55. A mandatory PUC Certificate is provided under which Section and Rule ?

(A) Section 190(2) of the Motor Vehicles Act, 1988 and Rules 115 and 116 of the Centre Motor Vehicle Rules, 1989

(B) Section 177(3) of the Motor Vehicles Act, 1988 and Rules 117 and 118 of the Centre Motor Vehicle Rules, 1989

(C) Section 160(1) of the Motor Vehicles Act, 1988 and Rules 109 and 110 of the Centre Motor Vehicle Rules, 1989

(D) Section 120(3) of the Motor Vehicles Act, 1988 and Rules 122 and 123 of the Centre Motor Vehicle Rules, 1989

अनिवार्य पीयूसी प्रमाणपत्र किस धारा और नियम के तहत प्रदान किया जाता है ?

(A) मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 190(2) और केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 का नियम 115 एवं 116

(B) मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 177(3) और केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 का नियम 117 एवं 118

(C) मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 160(1) और केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 का नियम 110 एवं 109

(D) मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 120(3) और केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 का नियम 122 एवं 123

56. Judicial intervention in arbitration proceedings is limited under Section 5 of the Arbitration and Conciliation Act, 1996. In which of the following situations may a court intervene ?

(A) When both parties request supervision of proceedings.

(B) When procedural irregularity is alleged without specific provision under the Act.

(C) When the court considers the award unjust on facts.

(D) When the Act expressly permits such intervention.

माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 5 के अंतर्गत मध्यस्थता कार्यवाहियों में न्यायिक हस्तक्षेप सीमित है। निम्नलिखित में से किस स्थिति में न्यायालय हस्तक्षेप कर सकता है ?

(A) जब दोनों पक्ष कार्यवाही की निगरानी का अनुरोध करें।

(B) जब अधिनियम के अंतर्गत किसी विशिष्ट प्रावधान के बिना प्रक्रिया संबंधी अनियमितता का आरोप लगाया जाए।

(C) जब न्यायालय को तथ्यात्मक आधार पर अधिनिर्णय अन्यायपूर्ण प्रतीत हो।

(D) जब अधिनियम स्पष्ट रूप से ऐसे हस्तक्षेप की अनुमति देता हो।

57. Which of the following is ***not*** a document as per the Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023 ?

(A) Private papers

(B) Caricature

(C) Map

(D) Inscription

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा एक दस्तावेज़ ***नहीं*** है ?

(A) निजी कागजात

(B) व्यंग्यचित्र

(C) मानचित्र

(D) शिलालेख

D

58. A State Government plans to acquire 50 acres of Scheduled Tribes (ST) land for an industrial park. As per the applicable law, the following steps are proposed :

(i) Preliminary notification

(ii) Social Impact Assessment (SIA)

(iii) Gram Sabha consultation/consent

(iv) Final notification

Which of the following statements is correct ?

(A) Final notification can be issued without Gram Sabha, with owner consent only.

(B) Final notification can come before SIA but after preliminary notification.

(C) SIA and Gram Sabha consultation/consent are mandatory for ST land; acquisition can't proceed without consent.

(D) Gram Sabha is advisory only; consent is not needed for public projects.

कोई राज्य सरकार औद्योगिक पार्क के लिए अनुसूचित जनजाति (एसटी) की 50 एकड़ भूमि का अधिग्रहण करने की योजना बना रही है। लागू कानून के अनुसार, निम्नलिखित चरण प्रस्तावित हैं :

(i) प्रारंभिक अधिसूचना

(ii) सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआईए)

(iii) ग्राम सभा से परामर्श/सहमति

(iv) अंतिम अधिसूचना

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(A) अंतिम अधिसूचना ग्राम सभा से परामर्श/सहमति के बिना, केवल स्वामी की सहमति से जारी की जा सकती है।

(B) अंतिम अधिसूचना, एसआईए से पहले किंतु प्रारंभिक अधिसूचना के बाद जारी की जा सकती है।

(C) अनुसूचित जनजाति की भूमि के लिए एसआईए और ग्राम सभा से परामर्श/सहमति अनिवार्य हैं; सहमति के बिना अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकती।

(D) ग्राम सभा की भूमिका केवल परामर्श की है; सार्वजनिक परियोजनाओं के लिए उसकी सहमति आवश्यक नहीं है।

59. Under the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS), 2023, 'Forfeiture of Property' is listed as a punishment. In which specific case is this most commonly applied ?

(A) Organized Crime (Section 111)

(B) Offences involving simple hurt or minor physical injury

(C) Cases of rash or negligent driving

(D) Instances of minor or petty theft

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 के अंतर्गत, 'संपत्ति की जब्ती' को एक दंड के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। यह सामान्यतः किस विशिष्ट मामले में लागू की जाती है ?

(A) संगठित अपराध (धारा 111)

(B) साधारण चोट या मामूली शारीरिक क्षति से जुड़े अपराधों में

(C) उतावलेपन या लापरवाही से वाहन चलाने के मामलों में

(D) साधारण या छोटी-मोटी चोरी के मामलों में

60. According to the provisions of the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS), 2023, an accused person intending to apply for 'Plea Bargaining' must do so within how many days following the formal framing of charges ?

(A) 7 days
(B) 15 days
(C) 30 days
(D) 60 days

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के प्रावधानों के अनुसार, 'प्ली बार्गेनिंग' के लिए आवेदन करने के इच्छुक अभियुक्त को, औपचारिक रूप से आरोप तय होने के कितने दिनों के भीतर ऐसा करना होगा ?

(A) 7 दिन
(B) 15 दिन
(C) 30 दिन
(D) 60 दिन

61. The five Golden Principles with respect to Circumstantial Evidence were laid down in which Supreme Court Judgment ?

(A) Sharad Birdhichand Sarda v. State of Maharashtra, 1984 AIR 1622
(B) Vasa Chandrasekhar Rao v. Ponna Satyanarayana & Anr., 2000 AIR SC 2138
(C) Dudh Nath Pandey v. State of U.P., 1981 SCC (2) 166
(D) Dr. Sunil Clifford Daniel v. State of Punjab (2012) 11 SCC 205

सर्वोच्च न्यायालय के किस निर्णय में परिस्थितिजन्य साक्ष्य के संबंध में पाँच स्वर्णिम सिद्धांत प्रतिपादित किए गए थे ?

(A) शरद बिरदीचंद सारदा बनाम महाराष्ट्र राज्य, 1984 एआईआर 1622
(B) वासा चंद्रशेखर राव बनाम पोन्ना सत्यनारायण एवं अन्य, 2000 एआईआर एससी 2138
(C) दूध नाथ पांडे बनाम उत्तर प्रदेश राज्य, 1981 एससीसी (2) 166
(D) डॉ. सुनील क्लिफोर्ड डेनियल बनाम पंजाब राज्य (2012) 11 एससीसी 205

62. Which of the following does ***not*** fall under the framework of presumption under Section 2 of the Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023 ?

(A) Conclusive proof
(B) Unassailable proof
(C) May be
(D) Shall presume

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की धारा 2 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा पूर्वधारणा (Presumption) के दायरे में **नहीं** आता है ?

(A) निश्चायक प्रमाण
(B) अकाट्य प्रमाण
(C) 'हो सकता है' (May be)
(D) 'माना जाएगा' (Shall presume)

D/1

63. **Directions** : The following question consists of two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). You are to examine these two statements carefully and decide if the Assertion (A) and the Reason (R) are individually true and if so, whether the Reason (R) is a correct explanation of the Assertion (A).

**Assertion (A)** : Income-tax is levied on the total income of a person for the previous year

**Reason (R)** : Income earned during the previous year is assessed to tax in the immediately succeeding assessment year under the Income-tax Act, 1961.

Mark answer as :

(A) (A) is false, but (R) is true.

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(D) (A) is true, but (R) is false.

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करके यह निर्णय करना है कि क्या अभिकथन (A) और कारण (R) पृथक-पृथक सत्य हैं, और यदि ऐसा है, तो क्या कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।

**अभिकथन (A) :** आयकर, किसी व्यक्ति की पूर्ववर्ती वर्ष की कुल आय पर लगाया जाता है।

**कारण (R) :** आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत, पिछले वर्ष के दौरान अर्जित आय का कर-निर्धारण ठीक अगले निर्धारण वर्ष में किया जाता है।

अपना उत्तर निम्न प्रकार से अंकित कीजिए :

(A) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(D) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है।

64. Under the Indian Christian Marriage Act, 1872, between which hours must a marriage generally be solemnized ?

(A) Between seven in the morning and eight in the evening

(B) Between five in the morning and six in the evening

(C) Between six in the morning and seven in the evening

(D) Between six in the morning and nine in the evening

भारतीय ईसाई विवाह अधिनियम, 1872 के अंतर्गत, सामान्यतः विवाह किन घंटों के बीच संपन्न किया जाना चाहिए ?

(A) प्रातः सात बजे से सायं आठ बजे के बीच

(B) प्रातः पाँच बजे से सायं छह बजे के बीच

(C) प्रातः छह बजे से सायं सात बजे के बीच

(D) प्रातः छह बजे से सायं नौ बजे के बीच

65. A, an 18-year-old adult of sound mind, executes a written instrument in favour of B stating, "I promise to pay B ₹ 75,000 on 1st April next year." A is fully competent, has signed the note, and the instrument contains all essential elements of a promissory note. B sues A for recovery after 1st April when A defaults.

Examine the correct legal position.

(A) The promissory note is valid; A is liable to pay B.

(B) The promissory note is voidable at A's option since A is only 18 years of age.

(C) The promissory note is valid only if a third party signs as witness.

(D) The promissory note is void because it does not mention the consideration.

A, जो 18 वर्ष का एक वयस्क और स्वस्थ चित्त का व्यक्ति है, B के पक्ष में एक लिखित दस्तावेज़ निष्पादित करता है, जिसमें वह कहता है "मैं B को अगले वर्ष 1 अप्रैल को ₹ 75,000 अदा करने का वचन देता हूँ।" A पूर्णतः सक्षम है, उसने उस नोट पर हस्ताक्षर किए हैं और उसमें वचनपत्र के सभी आवश्यक तत्त्व विद्यमान हैं। 1 अप्रैल के बाद A द्वारा भुगतान न किए जाने पर B, राशि की वसूली हेतु मुकदमा दायर करता है।

सही कानूनी स्थिति का परीक्षण कीजिए।

(A) वचनपत्र वैध है; A, B को भुगतान करने के लिए दायी है।

(B) वचनपत्र A के विकल्प पर अमान्य घोषित करने योग्य (Voidable) है, क्योंकि A की उम्र केवल 18 वर्ष है।

(C) वचनपत्र केवल तभी वैध होगा यदि किसी तृतीय पक्ष ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए हों।

(D) वचनपत्र शून्य है, क्योंकि उसमें प्रतिफल (Consideration) का उल्लेख नहीं है।

66. Under which specific provision of the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS), 2023, has the definition of a 'Terrorist Act' been formally integrated into India's general penal legislation for the first time ?

(A) Section 113

(B) Section 152

(C) Section 109

(D) Section 121

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 के किस विशिष्ट प्रावधान के अंतर्गत, पहली बार भारत के सामान्य दंड विधि में 'आतंकवादी कृत्य' की परिभाषा को औपचारिक रूप से सम्मिलित किया गया है ?

(A) धारा 113

(B) धारा 152

(C) धारा 109

(D) धारा 121

67. **Directions** : The following question consists of two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). You are to examine these two statements carefully and decide if the Assertion (A) and the Reason (R) are individually true and if so, whether the Reason (R) is a correct explanation of the Assertion (A).

**Assertion (A) :** The right to privacy has been judicially recognised as an integral part of Article 21 of the Constitution of India.

**Reason (R) :** Privacy is expressly enumerated as a separate Fundamental Right in Part III of the Constitution of India.

In the context of the Constitution of India and the decision in Justice K.S. Puttaswamy (Retd.) v. Union of India (2017) 10 SCC 1, which one of the following is correct ?

(A) (A) is false, but (R) is true.

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(D) (A) is true, but (R) is false.

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करके यह निर्णय करना है कि क्या अभिकथन (A) और कारण (R) पृथक-पृथक सत्य हैं, और यदि ऐसा है, तो क्या कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

**अभिकथन (A) :** निजता के अधिकार को भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के एक अभिन्न अंग के रूप में न्यायिक रूप से मान्यता दी गई है।

**कारण (R) :** निजता को भारत के संविधान के भाग III में एक अलग मौलिक अधिकार के रूप में स्पष्ट रूप से सूचीबद्ध किया गया है।

भारत के संविधान और 'न्यायमूर्ति के.एस. पुट्टास्वामी (सेवानिवृत्त) बनाम भारत संघ (2017) 10 एससीसी 1' मामले में दिए गए निर्णय के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(A) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(D) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है।

68. Under constitutional jurisprudence in India, repeated re-promulgation of Ordinances without placing them before the Legislature was described by the Supreme Court as a "fraud on the Constitution" in which decision ?

(A) R.C. Cooper v. Union of India, AIR 1970 SC 564

(B) Shamsher Singh v. State of Punjab, AIR 1974 SC 2192

(C) Krishna Kumar Singh v. State of Bihar, (2017) 3 SCC 1

(D) D.C. Wadhwa v. State of Bihar, AIR 1987 SC 579

भारत में संवैधानिक न्यायशास्त्र के अंतर्गत, अध्यादेशों को विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत किए बिना बार-बार पुनः प्रख्यापित करने को सर्वोच्च न्यायालय ने किस निर्णय में "संविधान के साथ धोखाधड़ी" के रूप में वर्णित किया था ?

(A) आर.सी. कूपर बनाम भारत संघ, एआईआर 1970 एससी 564

(B) शमशेर सिंह बनाम पंजाब राज्य, एआईआर 1974 एससी 2192

(C) कृष्ण कुमार सिंह बनाम बिहार राज्य, (2017) 3 एससीसी 1

(D) डी.सी. वाधवा बनाम बिहार राज्य, एआईआर 1987 एससी 579

69. The Supreme Court of India in Harish Chandra Tiwari v. Baiju, (2002) 2 SCC 67, while considering the appropriate punishment for misappropriation of a client's money by an advocate, held that :

(A) A monetary penalty equal to double the amount misappropriated is the appropriate sanction under the Act.

(B) Reprimand is the appropriate punishment for a first-time misappropriation, since removal from the roll would be disproportionate.

(C) Suspension from practice for a period of five years is the standard sanction for misappropriation of client funds.

(D) Misappropriation of a client's money constitutes one of the gravest forms of professional misconduct and ordinarily warrants removal of the advocate's name from the State roll.

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हरीश चंद्र तिवारी बनाम बैजू, (2002) 2 एससीसी 67 मामले में, एक अधिवक्ता द्वारा मुवक्किल के धन के गबन (misappropriation) के लिए उपयुक्त दंड पर विचार करते हुए यह फैसला दिया कि :

(A) इस अधिनियम के तहत, गबन की गई राशि से दोगुनी राशि का आर्थिक दंड उचित सज़ा है।

(B) पहली बार गबन करने पर फटकार ही उचित सज़ा है, क्योंकि सूची (रोल) से नाम हटाना एक बहुत बड़ी सज़ा होगी।

(C) मुवक्किल के पैसे के गबन के लिए पाँच साल तक प्रैक्टिस से निलंबित करना मानक सज़ा है।

(D) मुवक्किल के पैसे का गबन पेशेवर दुराचार के सबसे गंभीर रूपों में से एक है, और आम तौर पर इसके लिए अधिवक्ता का नाम राज्य की सूची (रोल) से हटाया जाना उचित दंड है।

70. According to Section 56(2)(x), of the Income-tax Act, 1961, if an individual receives a sum of money, without consideration, from a person other than a relative, and the amount exceeds the prescribed limit. What is the correct legal position ?

(A) It is taxable under the head 'Income from Other Sources'.

(B) It is fully exempt from tax.

(C) It is treated as a capital receipt and is not taxable.

(D) It is taxable only if received in cash.

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 56(2)(x) के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति को किसी ऐसे व्यक्ति से, जो उसका संबंधी नहीं है, बिना प्रतिफल के धनराशि प्राप्त होती है और वह राशि निर्धारित सीमा से अधिक है। सही कानूनी स्थिति क्या है ?

(A) यह 'अन्य स्रोतों से आय' शीर्षक के अंतर्गत कर-योग्य होगी।

(B) यह पूर्णतः कर-मुक्त होगी।

(C) इसे पूँजीगत प्राप्ति माना जाएगा और यह कर-योग्य नहीं होगी।

(D) यह केवल तभी कर-योग्य होगी जब नकद में प्राप्त की गई हो।

71. Under the Constitution of India, Parliament enacts legislation to implement India's obligations under an international environmental agreement. The subject ordinarily falls within the State List and no resolution under Article 252 has been passed. The source of Parliament's competence would be :

(A) Article 250 (B) Article 253

(C) Article 249 (D) Article 252

भारत के संविधान के अंतर्गत, संसद भारत द्वारा किसी अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणीय समझौते के अंतर्गत ग्रहण किए गए दायित्वों को लागू करने हेतु कानून बनाती है। यह विषय सामान्यतः राज्य सूची के अंतर्गत आता है, और अनुच्छेद 252 के अंतर्गत कोई संकल्प पारित नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में संसद की विधायी क्षमता का स्रोत क्या होगा ?

(A) अनुच्छेद 250 (B) अनुच्छेद 253

(C) अनुच्छेद 249 (D) अनुच्छेद 252

72. Under the Indian Penal Code (IPC), 1860, in which of the following scenarios does the "Right of Private Defence of the Body" extend to the extent of voluntarily causing death to the assailant ?

(A) An assault committed with the specific intention of kidnapping or abducting a person

(B) A case of theft where the value of the stolen property exceeds ₹ 10,000

(C) An act of criminal trespass occurring on open, vacant land

(D) A simple assault committed without the use of a weapon

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 के अंतर्गत निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में "शरीर की निजी प्रतिरक्षा का अधिकार" हमलावर की स्वेच्छा से मृत्यु तक पहुँचाने की सीमा तक विस्तृत होता है ?

(A) किसी व्यक्ति के अपहरण या व्यपहरण के विशिष्ट इरादे से किया गया हमला

(B) चोरी का ऐसा मामला, जिसमें चोरी की गई संपत्ति का मूल्य ₹ 10,000 से अधिक हो

(C) खुली, खाली ज़मीन पर किया गया आपराधिक अतिचार का कार्य

(D) बिना किसी हथियार के किया गया साधारण हमला

73. In the following question, a Statement is followed by two Conclusions, I and II.

**Statement :** Allegations have been made by the Minority Shareholders that ABC's promoters sold the optionally convertible preference shares and redeemable preference shares to a trust controlled by ABC's promoters at prices significantly below their fair market value, thereby causing a financial loss to ABC and its shareholders. What is the recourse for minority shareholders under law ?

**Conclusion I :** The Minority Shareholders can file for class action under Section 245 of the Companies Act, 2013, seeking directions from NCLT to either reverse the sale of optionally convertible preference shares and redeemable preference shares or to compensate the Minority Shareholders.

**Conclusion II :** The aggrieved members may proceed individually to protect their rights against acts of oppression or mismanagement under Section 241 of the Companies Act, 2013.

In the context of the above Statement and Conclusions, which one of the following is correct ?

(A) Neither Conclusion I nor II follows

(B) Only Conclusion I follows

(C) Only Conclusion II follows

(D) Both Conclusions I and II follow

निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन दिया गया है, जिसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं।

**कथन :** अल्पसंख्यक शेयरधारकों ने आरोप लगाया है कि ABC के प्रवर्तकों (प्रमोटरों) ने वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय अधिमान शेयर और प्रतिदेय अधिमान शेयर, ABC के प्रवर्तकों द्वारा नियंत्रित एक ट्रस्ट को, उनके उचित बाज़ार मूल्य से काफी कम कीमतों पर बेच दिए, जिससे ABC और उसके शेयरधारकों को वित्तीय हानि हुई। ऐसी स्थिति में कानून के अंतर्गत अल्पसंख्यक अंशधारकों के लिए क्या उपाय उपलब्ध है ?

**निष्कर्ष I :** अल्पसंख्यक शेयरधारक कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 245 के तहत वर्ग कार्रवाई (Class Action) दायर कर सकते हैं, और एनसीएलटी से यह निर्देश देने का अनुरोध कर सकते हैं कि या तो वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय अधिमान शेयरों और प्रतिदेय अधिमान शेयरों की बिक्री को रद्द किया जाए, या अल्पसंख्यक शेयरधारकों को मुआवज़ा दिया जाए।

**निष्कर्ष II :** पीड़ित सदस्य कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 241 के तहत उत्पीड़न या कुप्रबंधन के कृत्यों के विरुद्ध अपने अधिकारों की रक्षा करने के लिए व्यक्तिगत रूप से कार्रवाई कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथन और निष्कर्षों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(A) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II सही है

(B) केवल निष्कर्ष I सही है

(C) केवल निष्कर्ष II सही है

(D) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं

74. The adoption of an Ombudsman-type institution in India was first recommended by which of the following ?

(A) Santhanam Committee, 1964

(B) Administrative Reforms Commission, 2005

(C) Administrative Reforms Commission, 1966

(D) India Against Corruption Movement, 2011

भारत में लोकपाल (ओम्बुड्समैन) जैसी संस्था को अपनाने की सिफारिश सर्वप्रथम निम्नलिखित में से किसके द्वारा की गई थी ?

(A) संथानम समिति, 1964

(B) प्रशासनिक सुधार आयोग, 2005

(C) प्रशासनिक सुधार आयोग, 1966

(D) इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन, 2011

75. X takes a loan of ₹ 10,00,000 from Bank A. Y signs a contract as surety, promising to pay the bank if X defaults. After 3 months, Bank A agrees to reduce the interest rate and extends the repayment period by 6 months without informing Y. Subsequently, X defaults on the loan.

Which of the following statements correctly describes Y's liability under the Indian Contract Act, 1872 ?

(A) Y is liable only if the bank sues the principal debtor first, regardless of the modification.

(B) Y is not liable at all because the principal debtor defaulted after the contract modification.

(C) Y is partially discharged from liability because Bank A's modification increased the risk to Y without his consent.

(D) Y is fully liable for the entire loan because a surety is always liable once the principal debtor defaults.

X ने बैंक A से ₹ 10,00,000 का ऋण लिया । Y ने ज़मानतदार के रूप में एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जिसमें उसने यह वचन दिया कि यदि X ऋण चुकाने में चूक करता है, तो वह बैंक को भुगतान करेगा । तीन माह बाद, बैंक A ने Y को सूचित किए बिना ब्याज दर कम करने तथा ऋण चुकाने की अवधि को 6 महीने बढ़ाने पर सहमति दे दी । इसके बाद, X ने ऋण को चुकाने में चूक कर दी । भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा कथन Y की देनदारी का सही रूप से वर्णन करता है ?

(A) Y केवल तभी उत्तरदायी होगा जब बैंक पहले मुख्य देनदार के विरुद्ध मुकदमा दायर करे, चाहे अनुबंध में कोई भी संशोधन किया गया हो ।

(B) Y बिल्कुल उत्तरदायी नहीं है, क्योंकि मुख्य देनदार ने अनुबंध में संशोधन के बाद ऋण को चुकाने में चूक की ।

(C) Y की देनदारी आंशिक रूप से समाप्त हो जाती है, क्योंकि Y की सहमति के बिना बैंक A द्वारा किए गए संशोधन से उसके जोखिम में वृद्धि हुई ।

(D) Y पूरे ऋण के लिए पूरी तरह उत्तरदायी है, क्योंकि मुख्य देनदार के चूक करने के बाद ज़मानतदार हमेशा उत्तरदायी हो जाता है ।

76. Whether a landowner who enters into a Joint Development Agreement with a builder, contributing land in exchange for 50% of the developed property and a monetary deposit can file a complaint under the Consumer Protection Act, 2019 alleging construction defects and delay ? Which of the following statements is ***most*** accurate ?

(A) The landowner is a consumer as he did not construct himself.

(B) The landowner is a consumer unless profit motive is proven.

(C) The landowner is not a consumer as the transaction constitutes a commercial joint venture.

(D) The landowner is a consumer if defects exist, irrespective of the nature of the transaction.

यदि कोई भू-स्वामी किसी बिल्डर के साथ संयुक्त विकास समझौता करता है, जिसके अंतर्गत वह भूमि प्रदान करता है और बदले में विकसित संपत्ति का 50% भाग तथा निश्चित धनराशि प्राप्त करता है, तो क्या वह निर्माण दोषों एवं विलंब के संबंध में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत शिकायत दायर कर सकता है ? निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***सर्वाधिक*** सही है ?

(A) भू-स्वामी एक उपभोक्ता है, क्योंकि उसने स्वयं निर्माण नहीं किया।

(B) भू-स्वामी एक उपभोक्ता है, जब तक कि लाभ कमाने का उद्देश्य सिद्ध न हो जाए।

(C) भू-स्वामी एक उपभोक्ता नहीं है, क्योंकि यह लेनदेन एक वाणिज्यिक संयुक्त उपक्रम है।

(D) यदि निर्माण में खामियाँ मौजूद हों, तो लेनदेन की प्रकृति चाहे जो हो, भू-स्वामी एक उपभोक्ता है।

77. Pursuant to the definition provided in Section 378 of the Indian Penal Code (IPC), 1860, which of the following constitutes an essential element of the offence of 'Theft' ?

(A) The movement of movable property out of a person's possession without their consent

(B) The requirement that the property must be removed from a public location exclusively

(C) The employment of physical force or criminal violence against a person

(D) The unauthorized movement of immovable property without the owner's consent

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 की धारा 378 में दी गई परिभाषा के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा 'चोरी' के अपराध का एक अनिवार्य तत्त्व है ?

(A) किसी व्यक्ति के कब्ज़े से उसकी सहमति के बिना चल संपत्ति को हटाना

(B) यह आवश्यक होना कि संपत्ति केवल किसी सार्वजनिक स्थान से ही हटाई जाए

(C) किसी व्यक्ति के विरुद्ध शारीरिक बल या आपराधिक हिंसा का प्रयोग करना

(D) स्वामी की सहमति के बिना अचल संपत्ति को अनधिकृत रूप से हटाना

78. Under the constitutional framework of India, the Supreme Court gradually relaxed the traditional rule of locus standi, thereby allowing public-spirited individuals to approach the Court for enforcement of fundamental rights of others. This development is most closely associated with :

(A) The evolution of Public Interest Litigation.

(B) Judicial review of administrative action.

(C) Enforcement of fundamental rights through individual petitions alone.

(D) Expansion of writ jurisdiction under Article 226.

भारत के संवैधानिक ढाँचे के अंतर्गत, सर्वोच्च न्यायालय ने धीरे-धीरे 'सुने जाने का अधिकार' (locus standi) के पारंपरिक नियम में ढील दी, जिससे जनहित की भावना रखने वाले व्यक्तियों को दूसरों के मौलिक अधिकारों का प्रवर्तन करवाने के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति मिल गई। यह विकास निम्नलिखित में से किसके साथ सबसे अधिक निकटता से जुड़ा है ?

(A) जनहित याचिका के विकास से।

(B) प्रशासनिक कार्रवाई के न्यायिक पुनर्विलोकन से।

(C) केवल व्यक्तिगत याचिकाओं के माध्यम से मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन से।

(D) अनुच्छेद 226 के अंतर्गत रिट क्षेत्राधिकार के विस्तार से।

79. Ramesh's job contract with M/s XYZ bars him from joining any rival software firm in India for three years post-resignation. But after resigning within three years, he joins a competitor. XYZ company filed a suit to enforce the restrictive clause.

Under the Indian Contract Act, 1872, what is the legal position ?

(A) Void – restrains lawful profession after employment ends.

(B) Valid – Ramesh agreed voluntarily.

(C) Valid – protects the employer's business interest.

(D) Valid – three years is a reasonable period.

मैसर्स XYZ के साथ रमेश के रोज़गार अनुबंध में यह शर्त है कि वह त्यागपत्र देने के बाद तीन वर्षों तक भारत में किसी भी अन्य प्रतिस्पर्धी सॉफ़्टवेयर कंपनी में नौकरी नहीं करेगा। लेकिन त्यागपत्र देने के तीन वर्ष के भीतर ही रमेश एक प्रतिस्पर्धी कंपनी में नौकरी करने लगता है। तब XYZ कंपनी ने उस प्रतिबंधात्मक शर्त को लागू करवाने के लिए मुकदमा दायर किया।

भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अंतर्गत इस स्थिति में कानूनी स्थिति क्या है ?

(A) शून्य – यह रोज़गार समाप्त होने के बाद कानूनसम्मत व्यवसाय/रोज़गार करने पर प्रतिबंध लगाता है।

(B) वैध – रमेश ने स्वेच्छा से सहमति दी थी।

(C) वैध – यह नियोक्ता के व्यावसायिक हित की रक्षा करता है।

(D) वैध – तीन वर्ष की अवधि युक्तिसंगत है।

80. Under Rule 8 of the Standards of Professional Conduct and Etiquette framed by the Bar Council of India, an advocate is prohibited from appearing before any court, tribunal or authority for or against an organisation or institution of which he is a member of its :

(A) Advisory Committee
(B) Sub-Committee
(C) Executive Committee
(D) General Body

बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा बनाए गए पेशेवर आचरण एवं शिष्टाचार के मानकों के नियम 8 के अंतर्गत, किसी अधिवक्ता के लिए किसी ऐसे संगठन या संस्था के पक्ष में या उसके विरुद्ध किसी न्यायालय, न्यायाधिकरण या प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने की मनाही है जिसकी ______ का वह सदस्य हो।

(A) सलाहकार समिति
(B) उप-समिति
(C) कार्यकारी समिति
(D) आम सभा

81. Which of the following is ***not*** included in "The Industrial Relations Code, 2020" ?

(A) Industries (Development and Regulation) Act, 1951 (IDR Act)
(B) Industrial Employment (Standing Orders) Act, 1946
(C) Trade Unions Act, 1926
(D) Industrial Disputes Act, 1947

निम्नलिखित में से कौन-सा "औद्योगिक संबंध संहिता, 2020" में शामिल ***नहीं*** है ?

(A) उद्योग (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1951 (आईडीआर अधिनियम)
(B) औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1946
(C) ट्रेड यूनियन अधिनियम, 1926
(D) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

82. Under the Special Marriage Act, 1954, what is the maximum fine that may be imposed for printing or publishing matter in contravention of provisions relating to in-camera proceedings ?

(A) Fine up to five thousand rupees
(B) Fine up to one thousand rupees
(C) Fine up to two thousand rupees
(D) Fine up to five hundred rupees

विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत, 'इन-कैमरा' (बंद कमरे में होने वाली) कार्यवाही से संबंधित प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए कोई सामग्री छापने या प्रकाशित करने पर अधिकतम कितना जुर्माना लगाया जा सकता है ?

(A) पाँच हजार रुपये तक का जुर्माना
(B) एक हजार रुपये तक का जुर्माना
(C) दो हजार रुपये तक का जुर्माना
(D) पाँच सौ रुपये तक का जुर्माना

83. In the following question, a Statement is followed by two Conclusions, I and II.

**Statement** : The Bar Council of India derives its rule-making power from Section 49(1)(c) of the Advocates Act, 1961, which authorises it to frame rules governing professional conduct and etiquette to be observed by advocates. Rule 20 framed thereunder categorically bars an advocate from stipulating for, or receiving, any fee whose quantum is dependent upon the outcome of litigation, or from entering into any arrangement to share in its proceeds. An advocate who contravenes this Rule is liable to be proceeded against under Section 35 of the Act.

**Conclusion I** : An advocate may lawfully enter into an outcome-linked fee arrangement so long as the client's written consent is obtained prior to the engagement.

**Conclusion II** : An advocate who violates the prohibition on contingency-based fees may face disciplinary action under the Advocates Act, 1961.

In the context of the above Statement and Conclusions, which one of the following is correct ?

(A) Only Conclusion II follows

(B) Both Conclusions I and II follow

(C) Neither Conclusion I nor II follows

(D) Only Conclusion I follows

निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन दिया गया है, जिसके पश्चात दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं।

**कथन :** बार काउंसिल ऑफ इंडिया को अपनी नियम बनाने की शक्ति अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 49(1)(c) से प्राप्त होती है, जो उसे अधिवक्ताओं द्वारा पालन किए जाने वाले पेशेवर आचरण एवं शिष्टाचार को नियंत्रित करने से संबंधित नियम बनाने के लिए अधिकृत करती है। इसके अंतर्गत बनाए गए नियम 20 में स्पष्ट रूप से किसी अधिवक्ता को ऐसा शुल्क निर्धारित करने या प्राप्त करने से मना किया गया है, जिसकी राशि मुकदमेबाजी के परिणाम पर निर्भर हो, या मुकदमे से प्राप्त धनराशि में हिस्सा बाँटने के लिए कोई भी समझौता करने से मना किया गया है। जो अधिवक्ता इस नियम का उल्लंघन करता है, उसके विरुद्ध अधिनियम की धारा 35 के अंतर्गत कार्रवाई की जा सकती है।

**निष्कर्ष I :** कोई अधिवक्ता विधिसम्मत रूप से परिणाम-आधारित शुल्क का समझौता कर सकता है, बशर्ते कि काम शुरू करने से पहले मुवक्किल की लिखित सहमति ले ली गई हो।

**निष्कर्ष II :** जो अधिवक्ता परिणाम-आधारित शुल्क पर लगे प्रतिबंध का उल्लंघन करता है, उसके विरुद्ध अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

उपर्युक्त कथन और निष्कर्षों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(A) केवल निष्कर्ष II सही है

(B) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं

(C) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II सही है

(D) केवल निष्कर्ष I सही है

84. Under the Patents Act, 1970, a patent is granted to an inventor in India. Which of the following correctly reflects a limitation on the patentee's rights under the law ?

(A) The invention cannot be used by the Government without permission

(B) The patent becomes void if used by a government authority

(C) The Government may use the invention for its own purposes without the consent of the patentee

(D) The patentee loses all rights once the invention is used by the Government

पेटेंट अधिनियम, 1970 के अंतर्गत भारत में किसी आविष्कारक को पेटेंट प्रदान किया जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कानून के अंतर्गत पेटेंटधारक के अधिकारों पर एक सीमा को सही रूप में व्यक्त करता है ?

(A) सरकार, (पेटेंटधारक) की अनुमति के बिना उस आविष्कार का उपयोग नहीं कर सकती

(B) यदि किसी सरकारी प्राधिकरण द्वारा उस आविष्कार का उपयोग किया जाता है, तो पेटेंट शून्य हो जाता है

(C) सरकार, पेटेंटधारक की सहमति के बिना अपने स्वयं के प्रयोजनों के लिए उस आविष्कार का उपयोग कर सकती है

(D) सरकार द्वारा आविष्कार के उपयोग किए जाने पर पेटेंटधारक अपने सभी अधिकार खो देता है

85. Under the Information Technology Act, 2000, the term 'electronic record' includes which of the following ?

I. Data stored in digital form

II. Image or sound stored or transmitted electronically

III. Information generated in microfilm or computer-generated microfiche

IV. Information recorded only on paper without electronic processing

Which of the above are correct ?

(A) I and II

(B) I, II and III

(C) I, II, III and IV

(D) II, III and IV

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अंतर्गत 'इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख' में निम्नलिखित में से क्या सम्मिलित है ?

I. डिजिटल रूप में संग्रहीत डेटा

II. इलेक्ट्रॉनिक रूप से संग्रहीत या प्रेषित छवि या ध्वनि

III. माइक्रोफ़िल्म में जनरेट की गई जानकारी या कंप्यूटर द्वारा जनरेट किया गया माइक्रोफिश

IV. बिना किसी इलेक्ट्रॉनिक प्रोसेसिंग के केवल कागज पर दर्ज जानकारी

उपर्युक्त में से कौन-से सही हैं ?

(A) I और II

(B) I, II और III

(C) I, II, III और IV

(D) II, III और IV

86. A executes a document in favour of B stating, "I hereby sell my house to B for ₹ 5,00,000. If I repay the amount within 3 years, B shall retransfer the property to me; otherwise, the sale shall become absolute." The condition is included in the same document.

A fails to repay within 3 years. B claims absolute ownership. Examine the correct legal position under the Transfer of Property Act, 1882.

(A) It is a mortgage by conditional sale; B must seek foreclosure through court.

(B) It is a lease with an option to repurchase.

(C) The transaction is void for uncertainty.

(D) It is an outright sale; B becomes absolute owner automatically.

A ने B के पक्ष में एक दस्तावेज़ निष्पादित किया, जिसमें लिखा था "मैं इसके द्वारा अपना मकान ₹ 5,00,000 में B को बेचता हूँ। यदि मैं 3 वर्षों के भीतर यह राशि चुका देता हूँ, तो B संपत्ति मुझे वापस हस्तांतरित कर देगा; अन्यथा यह बिक्री पूर्ण हो जाएगी।" यह शर्त उसी दस्तावेज़ में सम्मिलित है।

A, 3 वर्षों के भीतर राशि चुकाने में विफल रहता है। इसके बाद B संपत्ति पर पूर्ण स्वामित्व का दावा करता है। संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 के अंतर्गत सही कानूनी स्थिति का परीक्षण कीजिए।

(A) यह सशर्त बिक्री द्वारा बंधक है; B को न्यायालय के माध्यम से पुरोबंध (Foreclosure) की माँग करनी होगी।

(B) यह पुनर्खरीद के विकल्प के साथ एक पट्टा है।

(C) यह लेनदेन अनिश्चितता के कारण शून्य है।

(D) यह संपूर्ण रूप से बिक्री है; B स्वतः ही पूर्ण स्वामी बन जाता है।

87. Under the scheme of the Code of Civil Procedure, 1908, where proceedings are pending before a competent civil court, and an application is made seeking transfer of the case from one district to another district within the state, such transfer may be ordered :

(A) Only after conclusion of trial.

(B) Only by the court in which the suit is pending.

(C) By the High Court.

(D) Only upon agreement between the parties.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की योजना के अंतर्गत, जहाँ किसी सक्षम सिविल न्यायालय के समक्ष कार्यवाही लंबित हो, और एक जिले से उसी राज्य के दूसरे जिले में मुकदमे को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया जाए, तो ऐसे स्थानांतरण का आदेश दिया जा सकता है :

(A) केवल विचारण (trial) की समाप्ति के बाद।

(B) केवल उस न्यायालय द्वारा जहाँ मुकदमा लंबित है।

(C) उच्च न्यायालय द्वारा।

(D) पक्षों के बीच केवल सहमति होने पर।

**88.** Under Section 167 of the Code of Criminal Procedure (CrPC), 1973, 'Default Bail' (or statutory bail) is a right of the accused if the investigation is not completed :

(A) Upon the expiry of 120 days specifically for offences against the State.

(B) After 60 days or 90 days, contingent upon the maximum punishment prescribed for the offence.

(C) Immediately following the completion of the initial 15-day police custody.

(D) After a fixed period of 30 days for all types of offences.

दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1973 की धारा 167 के अंतर्गत, 'डिफ़ॉल्ट जमानत' (या सांविधिक जमानत) अभियुक्त का अधिकार तब बन जाती है, यदि जाँच-पड़ताल पूरी नहीं की जाती है :

(A) विशेष रूप से राज्य के विरुद्ध अपराधों में 120 दिनों की अवधि समाप्त होने पर।

(B) अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम दंड के आधार पर आकस्मिक 60 दिन या 90 दिन के बाद।

(C) प्रारंभिक 15-दिवसीय पुलिस हिरासत पूरी होने के तुरंत बाद।

(D) सभी प्रकार के अपराधों में 30 दिनों की निश्चित अवधि के बाद।

**89.** Under the Dowry Prohibition Act, 1961, within how many months from the date of marriage must dowry received before marriage be transferred to the woman ?

(A) Within five months

(B) Within three months

(C) Within six months

(D) Within seven months

दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के अंतर्गत, विवाह से पूर्व प्राप्त दहेज को विवाह की तिथि से कितने महीनों के भीतर स्त्री को हस्तांतरित किया जाना आवश्यक है ?

(A) पाँच माह के भीतर

(B) तीन माह के भीतर

(C) छह माह के भीतर

(D) सात माह के भीतर

**90.** Under the Guardians and Wards Act, 1890, what condition applies for appointing a guardian for a married female minor ?

(A) The parents must apply jointly for such appointment

(B) The husband must be considered unfit by the Court

(C) The husband must be declared legally incompetent

(D) The husband must consent to such appointment

संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890 के अंतर्गत, एक विवाहित नाबालिग महिला के लिए संरक्षक नियुक्त करने के लिए क्या शर्त लागू होती है ?

(A) ऐसी नियुक्ति के लिए माता-पिता द्वारा संयुक्त रूप से आवेदन किया जाना चाहिए

(B) न्यायालय द्वारा पति को अयोग्य माना जाना चाहिए

(C) पति को कानूनी रूप से अक्षम घोषित किया जाना चाहिए

(D) ऐसी नियुक्ति के लिए पति की सहमति अवश्य होनी चाहिए

**91.** As per the Consumer Protection Act, 2019, what are one-sided agreements ?

(A) Unfair trade practices

(B) Quasi contracts

(C) Unilateral contracts

(D) Unconscionable

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार, एकतरफ़ा समझौते से क्या अभिप्राय है ?

(A) अनुचित व्यापार प्रथाएँ

(B) अर्ध-अनुबंध

(C) एकपक्षीय अनुबंध

(D) अत्यंत अन्यायपूर्ण

**92.** An assessee pays a medical insurance premium for himself and his family and claims a deduction while computing total income. What is the correct position under the Income Tax Act, 1961 ?

(A) Deduction is allowed subject to prescribed limits and conditions

(B) Deduction is allowed only for senior citizens

(C) Deduction is not permitted in such cases

(D) Deduction is allowed without any monetary limit

एक करदाता अपने और अपने परिवार के लिए चिकित्सा बीमा प्रीमियम का भुगतान करता है और कुल आय की गणना करते समय कटौती का दावा करता है। आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत सही स्थिति क्या है ?

(A) कटौती निर्धारित सीमाओं एवं शर्तों के अधीन अनुमत है

(B) कटौती केवल वरिष्ठ नागरिकों के लिए अनुमत है

(C) ऐसे मामलों में कटौती अनुमत नहीं है

(D) कटौती बिना किसी मौद्रिक सीमा के अनुमत है

**93.** Under Section 35B of the Code of Civil Procedure, 1908, where a party fails to take a step required by the court on the date fixed, the court may :

(A) Impose costs as a precondition for allowing further prosecution.

(B) Dismiss the suit.

(C) Proceed with the suit without imposing any condition.

(D) Grant adjournment as a matter of right.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 35बी के अंतर्गत, जहाँ कोई पक्षकार नियत तिथि को न्यायालय द्वारा अपेक्षित कोई कदम उठाने में विफल रहता है, वहाँ न्यायालय :

(A) मुकदमे को आगे चलाने की अनुमति देने के लिए पूर्व-शर्त के रूप में व्यय अधिरोपित कर सकता है।

(B) मुकदमे को खारिज कर सकता है।

(C) बिना कोई शर्त अधिरोपित किए मुकदमे की कार्यवाही आगे बढ़ा सकता है।

(D) अधिकार के तौर पर स्थगन प्रदान कर सकता है।

94. Under Section 105 of the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS), 2023, what is now a mandatory requirement for the process of search and seizure conducted by the police ?

(A) The documentation of the entire search and seizure process via audio-video electronic recording
(B) The presence of at least five local residents as independent witnesses
(C) The presence of a Judicial Magistrate during the search
(D) The acquisition of a signed written confession from the occupant of the premises

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 105 के अंतर्गत, पुलिस द्वारा की जाने वाली तलाशी एवं ज़ब्ती की प्रक्रिया के लिए अब कौन-सी बात अनिवार्य कर दी गई है ?

(A) ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डिंग के माध्यम से संपूर्ण तलाशी और ज़ब्ती प्रक्रिया का प्रलेखन (डॉक्यूमेंटेशन)
(B) स्वतंत्र गवाहों के रूप में कम-से-कम पाँच स्थानीय निवासियों की उपस्थिति
(C) तलाशी के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति
(D) परिसर के कब्ज़ेदार से हस्ताक्षरित लिखित स्वीकारोक्ति प्राप्त करना

95. Under the Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956, which situation makes the consent of a wife unnecessary for adoption ?

(A) She refuses consent due to personal disagreement.
(B) She has ceased to be a Hindu by conversion.
(C) She is living separately without legal separation.
(D) None of the above

हिंदू दत्तक ग्रहण और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 के तहत, निम्नलिखित में से किस स्थिति में दत्तक ग्रहण के लिए पत्नी की सहमति आवश्यक ***नहीं*** होती है ?

(A) वह व्यक्तिगत असहमति के कारण सहमति देने से इंकार करती है।
(B) वह धर्मांतरण के कारण हिंदू नहीं रह गई है।
(C) वह कानूनी पृथक्करण के बिना अलग रह रही है।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

96. Under the scheme of the Constitution of India, once a Proclamation under Article 352 is in operation, Parliament may legislate on matters in the State List by virtue of :

(A) Article 356
(B) Article 250
(C) Article 249
(D) Article 360

भारत के संविधान की योजना के तहत, एक बार जब अनुच्छेद 352 के तहत कोई उद्घोषणा लागू हो जाती है, तो संसद निम्नलिखित में से किसके आधार पर राज्य सूची के विषयों पर कानून बना सकती है ?

(A) अनुच्छेद 356
(B) अनुच्छेद 250
(C) अनुच्छेद 249
(D) अनुच्छेद 360

97. Which of the following options correctly states the composition of a Disciplinary Committee of a Bar Council as prescribed under Section 9(1) of the Advocates Act, 1961 ?

(A) Five members — all co-opted from advocates having not less than ten years' standing at the Bar.

(B) Five members — three elected by the Council and two co-opted senior advocates from outside the Council.

(C) Three members — two elected from the Council's membership and one co-opted advocate possessing the prescribed qualifications, who is not a member of the Council.

(D) Three members — all elected by the Council, with the most junior member serving as Chairman.

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 9(1) के तहत निर्धारित बार काउंसिल की अनुशासन समिति की संरचना को सही ढंग से बताता है ?

(A) पाँच सदस्य — सभी ऐसे अधिवक्ताओं में से सह-चयनित हों, जिन्हें बार में कम-से-कम दस वर्ष का अनुभव हो।

(B) पाँच सदस्य — जिनमें से तीन काउंसिल द्वारा चुने गए और दो काउंसिल के बाहर से सह-चयनित वरिष्ठ अधिवक्ता हों।

(C) तीन सदस्य — दो काउंसिल के सदस्यों में से चुने गए और एक ऐसा सह-चयनित अधिवक्ता हो, जिसके पास विहित योग्यताएँ हों और जो काउंसिल का सदस्य न हो।

(D) तीन सदस्य — सभी काउंसिल द्वारा चुने गए हों, जिसमें सबसे कनिष्ठ सदस्य अध्यक्ष के रूप में कार्य करे।

98. In the context of the Constitution of India, a pension scheme differentiates between employees retiring before and after a specified cut-off date. Those excluded challenge the classification as arbitrary. The constitutional issue would primarily attract :

(A) Legislative competence of the State

(B) Article 14 and the principle of classification

(C) Doctrine of eclipse

(D) Doctrine of severability

भारत के संविधान के संदर्भ में, एक पेंशन योजना उन कर्मचारियों के बीच अंतर करती है जो एक विनिर्दिष्ट कट-ऑफ तिथि से पहले और बाद में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जो जिन्हें बाहर रखा गया है, वे इस वर्गीकरण को मनमाना बताते हुए चुनौती देते हैं। ऐसी स्थिति में प्रमुख संवैधानिक मुद्दा किससे संबंधित होगा ?

(A) राज्य की विधायी क्षमता

(B) अनुच्छेद 14 और वर्गीकरण का सिद्धांत

(C) ग्रसन का सिद्धांत

(D) पृथक्करणीयता का सिद्धांत

**99.** Under the Uniform Civil Code Rules Uttarakhand, 2025, when is an application for declaration of legal heir(s) forwarded to the Registrar General ?

(A) After ten days of receipt if the Registrar does not take action

(B) After thirty days of receipt if the Registrar does not take action

(C) After fifteen days of receipt if the Registrar does not take action

(D) None of the above

समान नागरिक संहिता नियमावली, उत्तराखंड, 2025 के अंतर्गत, कानूनी उत्तराधिकारी(रियों) की घोषणा हेतु आवेदन रजिस्ट्रार जनरल को कब भेजा जाता है ?

(A) आवेदन प्राप्त होने के दस दिन बाद, यदि रजिस्ट्रार कोई कार्रवाई नहीं करता है

(B) आवेदन प्राप्त होने के तीस दिन बाद, यदि रजिस्ट्रार कोई कार्रवाई नहीं करता है

(C) आवेदन प्राप्त होने के पन्द्रह दिन बाद, यदि रजिस्ट्रार कोई कार्रवाई नहीं करता है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**100.** Regarding the offence of 'Criminal Conspiracy' as defined under Section 120A of the Indian Penal Code (IPC), 1860, which of the following statements is legally accurate ?

(A) The mere agreement between parties is sufficient to constitute the offence if the intended crime is punishable by death or rigorous imprisonment.

(B) It is a substantive offence that is legally barred from being charged in conjunction with other substantive crimes.

(C) A solitary individual's mere intention to commit a crime, even without an agreement with others, is sufficient for a conviction.

(D) A minimum of five persons must participate to satisfy the legal definition.

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 की धारा 120A के तहत परिभाषित 'आपराधिक षड्यंत्र' के अपराध के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कानूनी रूप से सही है ?

(A) यदि इरादे वाला अपराध मृत्यु-दंड या कठोर कारावास से दंडनीय है, तो पक्षकारों के बीच मात्र समझौता ही अपराध गठित करने के लिए पर्याप्त है।

(B) यह ऐसा पूर्ण किया गया (substantive) अपराध है, जिसे अन्य पूर्ण किए गए अपराधों के साथ संयुक्त रूप से आरोपित करने पर कानूनी रूप से प्रतिबंध है।

(C) किसी अकेले व्यक्ति का अपराध करने का मात्र इरादा, भले ही दूसरों के साथ कोई समझौता न हुआ हो, दोषसिद्धि के लिए पर्याप्त है।

(D) कानूनी परिभाषा को पूरा करने के लिए कम-से-कम पाँच व्यक्तियों का शामिल होना आवश्यक है।